


दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -62 जबलपुर, शुक्रवार 04 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# खंडवा में कुएं में जहरीली गैस से 8 की मौत

## सफाई करने उतरे एक युवक को बचाने में गई जानें





खंडवाए (आरएनएस)। जिले के छैगांवमाखन ब्लाक के ग्राम कोंडावत में गणगौर पर्व का उत्साह उस समय मातम में बदल गया। करीब 150 साल पुराने सार्वजनिक कुएं में जवारे विसर्जन के लिए सफाई के लिए कूदे ग्रामीण मौत का शिकार हो गए। मौत के इस कुएं ने एक.एक कर 8 लोगों को आगोश में ले लिया। कुएं में मौजूद जहरीली गैस के कारण लोगों का दम घुट गया। सूचना मिलते ही मौके पर कलेक्टर ऋषव गुप्ताए एसपी मनोज राय सहित पूरा प्रशासनिक व पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। कुएं में गैस का प्रभाव कम करने के लिए पानी निकाले जाने के बाद रेस्क्यू टीम एसडीआरएफ के जवानों ने कूदकर लोगों के शव बाहर निकाले। शवों के बाहर निकलते ही गांव में चीखण्पुकार मच गई। गुरुवार को ग्रामीण अंचल में गणगौर पर्व के अंतिम दिन रणुबाई को विदाई देने के लिए उत्साह का वातावरण रहा। ग्राम कोंडावत में भी ग्रामीणों द्वारा माता के रथ बौड़ाए गए थे। इन रथों के विसर्जन से पूर्व गांव में गणगौर माता की पूजा के साथ भंडारे भी हुए। शाम को जवारे विसर्जन की तैयारियां चल रही थीं।

**एक.दूसरे को बचाने के लिए 8 लोग उतरे**

गांव के ही सार्वजनिक कुएं में जवारों का विसर्जन हर साल किया जाता है। जवारे विसर्जित करने से पूर्व सफाई व्यवस्था के लिए गांव के कुनबी समाज के लोग इस कुएं में उतरेए लेकिन वे वापस नहीं आए। अचेत होने लगेए तो इन्हें बचाने के लिए कुछ लोग और कुएं में उतर गए। एक के बाद एक आठ लोग कुएं में कूदेए लेकिन ये वापस नहीं लौट पाए। इसके बाद कोई भी कुएं में उतरने की हिम्मत नहीं दिखा पाया। कुएं के आसपास ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कुएं में अचेत हो चुके लोगों के परिजन आवाज देते रहेए लेकिन कोई आवाज नहीं आई। चीख पुकार मचने लगी। कुएं के आसपास भारी भीड़ जमा हो गई।

**ताबड़तोड़ पहुंचे जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अमला**

घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पंधाना विधायक छाया मोरेए एसडीएम बजरंग बहादुरए तहसीलदार महेंद्र सिंहए छैगांव माखन थाना प्रभारी सिद्दिया दलबल के साथ पहुंचे। होमगार्ड के जवानों को बुलाया गया। कुंए में मौजूद जहरीली गैस का असर कम करने के लिएए इसमें पाइप से पानी छोड़ा गया। मौके पर क्रेन और एंबुलेंस वाहन भी तैनात किए गए। इसके बाद बचाव के साधनों के साथ होमगार्ड के जवान कुएं में उतरे। एक एक कर लोगों को बाहर निकाला गया। इन्हें तुरंत एंबुलेंस से पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। विधायक मोरे ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से प्राकृतिक आपदा में मरने वालों को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। शासन और आरबीसी के प्रावधान के अनुसार आवश्यक मदद की बात कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कही है। **गांव में पसरा मातम-** इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतकों के परिवारों का रो.रोकर बुरा हाल है। गांव के बुजुर्गों और सरपंच बल्लु तिरतड़े के अनुसार यह कुआं सालों से त्योहारों पर मूर्ति और जवारे विसर्जन के लिए इस्तेमाल होता है। इस बार यह एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन गया। प्रारंभिक जांच में कुएं में मीथेन गैस से हादसा होने की संभावना हैए जिसके संपर्क में आने से दम घुटने से इन लोगों की जान गई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मर्ग कायम कर जांच की जाएगी। एसपी मनोज कुमार रायए खंडवा

**मृतकों की सूची-** इस हृदयविदारक हादसे में आठ लोगों की जान चली गई। 1 मोहन पुत्र मंसाराम यपूर्व सरपंच ;55 वर्षद्ध2 अनिल पुत्र आत्माराम पटेल ;30 वर्षद्ध3 शरण पुत्र सुखराम ;30 वर्षद्ध4 अर्जुन पुत्र गोविन्द ;35 वर्षद्ध5 गजानंद पुत्र गोपाल ;25 वर्षद्ध6 बलिराम पुत्र आशाराम ;36 वर्षद्ध7 राकेश पुत्र हरी ;22 वर्षद्ध8 अजय पुत्र मोहन ;25 वर्षद्ध



# प्रदेश में बौद्ध सर्किट करें विकसित- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में भगवान बुद्ध का जिन स्थानों पर प्रभाव रहा है उन्हें बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं। ऐसे स्थानों में उज्जैन सहित सांची के निकट सतधारा, सोनारी आदि का समावेश किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

**नवम्बर माह में भोपाल में होगा इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन**

कि नई शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों को विश्वविद्यालय में लागू करने को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सांची की कार्य परिषद की छठवीं बैठक गुरुवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में संपन्न हुई।

# कलेक्ट्रेट पर महिला ने पढ़ी नमाज!




**छह होमगार्ड सस्पेंड...**

लखनऊ। हमीरपुर में कलेक्ट्रेट दफ्तर के सामने महिला (71) ने नमाज पढ़ी। लापरवाही बरतने पर छह होमगार्ड सस्पेंड हैं। कलेक्ट्रेट के सामने नमाज पढ़ते वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। महिला को गिरफ्तार किया गया। सस्पेंड होमगार्ड में तीन महिला हैं।

# रीवा गैंगरेप केस -8 दोषियों को उम्रकैद की सजा

## कोर्ट ने कहा- आवारा नर पिशाचों ने पति-पत्नी को दिया जीवनभर का दर्द



रीवा (आरएनएस)। 31 अक्टूबर 2024 को रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश पदमा जाटव की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। 153 दिन के अंदर दिए फैसले में न्यायालय ने सभी आठों दोषियों को ताउम्र कैद की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर दो लाख 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामले की पैरवी कर रहे लोक अभियोजक विकास द्विवेदी के मुताबिक न्यायालय ने इस प्रकरण को विरल से विरलतम प्रकरण मनाते हुए सजा सुनाई है।

आवारा नर पैशाचिक लड़कों ने पति-पत्नी दोनों को जीवनभर के लिए कभी खत्म न होने वाली तकलीफ में डाल दिया है। उक्त आरोपितों को भी मृत्यु तुल्य दंड से दंडित करना उचित है। अत: आरोपित को न केवल अधिकतम दंड से दंडित करना उचित है, वरन उन्हें शिक्षाप्रद भारी जुर्माने से भी दंडित कर उक्त राशि पीड़िता के पुनर्वास व भविष्य वनाने के लिए दिलाया जाना न्यायोचित है।

लोक अभियोजक के मुताबिक 21 अक्टूबर 2024 को गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरव बाबा मंदिर के समीप नल के पास पति को बंधक बनाकर पत्नी के साथ आठ आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए 21 नवंबर को न्यायालय में चालान पेश किया था। 16 जनवरी 2025 से ट्रायल शुरू हुआ था। 20 मार्च को मामले की आखिरी पेशी की गई। 26 मार्च को आरोपितों को अंतिम अवसर दिया गया और दो अप्रैल को सजा सुनाई गई है।

## वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पास, राज्यसभा में चर्चा जारी

# वक्फ में गैर-मुस्लिमों का दखल नहीं होगा-किरेन रिजिजू



नई दिल्ली-(आरएनएस)। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। देर रात तक चर्चा के बाद आज सुबह इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।

## कांग्रेस ने कहा- यह मुस्लिमों के खिलाफ

रिजिजू ने कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है। विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा- बीजेपी को लोकसभा चुनाव में मेजॉरिटी नहीं मिली। इसलिए ये पोलराइजेशन करना चाह रहे हैं। सभी जानते हैं कि देश में कौन ध्रुवीकरण करता है। बिल मुस्लिमों के खिलाफ है। ये बिल मिसइन्फॉर्मेशन कैंपेन पर है। पूरा गोदी मीडिया इसमें लग गया। ये लोग जितने अमेंडमेंट्स लाए हैं, वो संविधान के खिलाफ हैं। ये वन नेशन, वन लॉ बोलते हैं, लेकिन इसे वॉयलेट करते हैं। देश में जितने हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई हैं, सबके लिए एक कानून होना चाहिए। ये लोग भेदभाव कर रहे हैं। मैं दावे के साथ कहता हूं कि बिल टारगेटेड है। आप जिस तरह के कानून लेकर आ रहे हैं, वे धर्म के आधार पर हैं।

**खडग़े बोले, मेरे पास वक्फ की एक इंच जमीन नहीं है**

इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े पर दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया. श्री ठाकुर ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है. इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े भी शामिल हैं. इस पर खडग़े ने कहा कि आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें. खडग़े ने कहा कि अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा. ट्रिब्यूनल में आपको हक नहीं मिला तो सिविल मामले में अन्य कोर्ट में अपील कर सकते है- श्री रिजिजू ने कहा कि अब जो ट्रिब्यूनल बनेगा, उसका फिक्स टेन्योर (नियत कार्यकाल) होगा.

**उन्हें जोड़ने की जरूरत जो धर्म से दूर हो गए**

# क्या तीस हजार मस्जिदों को खोदें : होसबाले

नई दिल्ली(आरएनएस)। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने एक बार फिर मंदिरों पर बनी मस्जिदों की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी मस्जिदों और संरचनाओं की बात करें, जिनके मंदिरों पर बने होने की आशंका है, तो क्या तीस हजार मस्जिदों को खोदने का काम शुरू कर दें। इतिहास को पलटना क्या सही होगा। इससे समाज में दुश्मनी और आक्रोश पैदा नहीं होगा? हमें एक साथ आगे बढ़ना चाहिए। क्या हम अतीत में ही अटके रहेंगे? कन्नड़ अखबार को होसबाले ने हाल ही में इंटरव्यू दिया है, जिसमें कहा है कि संघ ने कभी नहीं कहा कि किसी को इन मुद्दों की अनदेखी करना चाहिए या इन पर काम बंद कर देना चाहिए। हमें पुनर्विचार करना चाहिए कि क्या पूर्व में एक मंदिर, जिसे मस्जिद में बदल दिया है, क्या अभी भी वो दिव्य स्थान है।

क्या हमें पत्थर की संरचना के अवशेषों में हिंदुत्व खोजने पर ध्यान देना चाहिए या हमें उन लोगों के भीतर हिंदुत्व जगाना चाहिए, जो खुद धर्म से दूर हो गए हैं।

# झुकूंगा नहीं... पुष्पा स्टाइल में राज्यसभा में गरजे मल्लिकार्जुन खड़गे, अनुराग ठाकुर से माफी की मांग की



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए 'भूमि हड़पने' के आरोप साबित हो जाते हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे। खड़गे ने यह फिल्मी अंदाज में जवाब दिया। ठाकुर ने एक दिन पहले लोकसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान यह आरोप लगाया था। तीखे जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने न केवल इस दावे को निराधार बताया बल्कि माफी की मांग भी की। उन्होंने साफ कर दिया कि वह राजनीतिक हमलों के आगे नहीं झुकेंगे।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने भाजपा सांसद से कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए बेबुनियाद आरोपों को साबित करें या इस्तीफा दें। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ बिल का विरोध करने के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि प्रस्तावित कानून कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि इस मुद्दे पर ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए। खरगे ने कहा, "मेरा करीब 60 साल का राजनीतिक जीवन एक खुली किताब की तरह है। कल अनुराग ठाकुर ने

**लोकसभा में गरजे राहुल गांधी**

# भारत को चीन से वापस लेनी चाहिए अपनी जमीन



नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए पारस्परिक शुल्कों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा और यह भी आरोप लगाया कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर चीन को पत्र लिखा है, लेकिन यह जानकारी हमारी सरकार की ओर से नहीं बल्कि बीजिंग के दूत के माध्यम से सामने आई है। लोकसभा में राहुल ने कहा कि यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को पत्र लिखा है। हमें यह बात अपने लोगों से नहीं बल्कि चीनी राजदूत से पता चल रही है जो यह बात कह रहे हैं।

# 50 साल में 14 बच्चे



यूपी- यूपी के हापुड़ से अजीब मामला सामने आया है। यहां 50 साल की महिला ने 14वें बच्चे को जन्म दे दिया। सबसे बड़े लड़के की उम्र 22 साल, जबकि सबसे छोटे की साल है। 14वां बच्चा होने के बाद डॉक्टरों का कहना है कि जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं।

हापुड़ के बजरंगपुरा में रहने वाले इमामुद्दीन के घर फिर किलकारी गूंजी है। उनकी पत्नी गुड़िया को जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन गेट पर ही लड़की को जन्म दे दिया। किसी तरह स्ट्रेचर पर अंदर ले गए।

# मैं अजमल कसाब का भाई हूं, मैं सबको मौत की नींद सुलाने आया हूं

## मुंबई पुलिस को गालियों से भरा आया कॉल, बाद में शराबी को किया गया गिरफ्तार



मुंबई (आरएनएस)। शराबी ने मुंबई पुलिस को डराने के लिए एक आतंकवादी बनकर संदेश भेजा और पूरे शहर को मौत की नींद सुलाने की धमकी दी। आइये जानते है कि पुलिस के पास कैसे ये संदेश आया और पुलिस ने कैसे उस खुराफाती शराबी को दबौचा। शहरों को बम से उड़ाने की धमकियां मेल पर भजेना आज काफी ज्यादा बढ़ गया है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा पिछले एक-दो साल में दिल्ली, मुंबई , बेंगलुरु सहित तमाम शहरों में बम की धमकियों वाले मैसेस और कॉल काफी ज्यादा आने लगे हैं। अब ताजा मामला मुंबई से आया है जहां एक शराबी ने सारी हदें की पार कर दी।

शराबी ने मुंबई पुलिस को डराने के लिए एक आतंकवादी बनकर संदेश भेजा और पूरे शहर को मौत की नींद सुलाने की धमकी दी। आइये जानते है कि पुलिस के पास कैसे ये संदेश आया और पुलिस ने कैसे उस खुराफाती शराबी को दबौचा। आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 100 पर कॉल किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि कॉल मुलुंड रेलवे स्टेशन क्षेत्र से आई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान पीयूष शिवनाथ शुक्ला (28) के रूप में हुई, जो ठाणे का सुरक्षा गार्ड है



जब पिता के साथ खेत पर जाती थी... तो सबसे पहले मिट्टी को प्रणाम करते थे। मैं पूछती थी... खेत में काम शुरू करने से पहले खेत की मिट्टी को छू कर प्रणाम क्यों करते हो... उनका जवाब था कि धरती हमारी मां है, वह बहुत बर्दाश्त करती है। मिट्टी में न जाने कितने कीड़े-मकोड़े होते हैं, उन्हें भी हल-बक्खर से चोट लगती होगी, इसलिए उनसे प्रणाम कर, क्षमा मांगता हूं कि हमें माफ करना।

**द्रौपदी मुर्मू (राष्ट्रपति)**

**(इंसान की भी सुध लें कभी!)**

# बनासकांठा ब्लास्ट में मारे गए 18 लोगों को कंधे भी नहीं हुए नसीब, नर्मदा तट पर एक साथ जली चिताएं

देवास।(आरएनएस)। गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री में दो दिन पहले हुए हादसे में देवास और हरदा जिले के 18 लोगों की मौत हो गई थी। गुरुवार सुबह इनके शव एंबुलेंस के माध्यम से लाए गए तो संदलपुर और हंडिया में चीख-पुकार मच गई। कई शवों की हालत क्षत विक्षत होने के कारण अंतिम दर्शन तक गांव में नहीं कराए गए। कुछ देर बाद शवों को संदलपुर, खातेगांव और हंडिया से नेमावर के नर्मदा तट किनारे ले जाया गया। यहां परिवार वालों ने उन्हें मुखाग्नि दी।



एक ही जगह पर 18 लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं इसी दौरान कई परिवार वाले चेहरा दिखाने की गुहार लगाते रहे, जिन शवों के चेहरे कुछ ठीक अवस्था में थे उनको दिखाया गया। अंतिम संस्कार के पहले मृतकों को कंधा भी नसीब नहीं हो पाया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना हनुमानताल मे अकील अंसारी उम्र 28 वर्ष निवासी दुर्गा चौक हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि थैला सिलाई का काम करता है वह मुच्छड़ होटल से अपने घर जा रहा था तभी मुच्छड़ होटल के पास उसका जीजा कलीम बोस मिला और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा एवं चाकू चमकाने लगा जिससे चाकू का पिछला हिस्सा उसी आंख की भोंह पर लगकर चोट आयी कलीम ने उसे जमीन पर पटक दिया जिससे दोनों हाथ में चोट आयी।

**समस्त प्रकरणों में 10 दिन के अंदर स्थल परीक्षण कर अतिशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने गठित दल के सदस्यों को निगमायुक्त के निर्देश**

# चण्डालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर के प्रकरणों में विधि सम्मत ही अधिकारी करें कार्रवाई - निगमायुक्त प्रीति यादव

**लीजधारियों और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को न हो कोई परेशानी, निगमायुक्त प्रीति यादव ने संबंधित अधिकारियों को दी हिदायत**


जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। चंडालभाटा, ट्रांसपोर्ट नगर के जितने भी प्रकरण परीक्षण के लिए विचाराधीन है, उन सभी प्रकरणों जिसमें खाली भूखण्ड के लीज धारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों, अवैध कब्जा धारियों, एवं जिनके प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं माननीय न्यायालय जबलपुर संभाग जबलपुर के द्वारा दावा मान्य अथवा अमान्य किया गया है उन सभी पर नियमानुसार विधिसम्मत ही कार्यवाही करने तथा पात्र व्यवसायियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के संबंध में आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गयी। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि लीज धारियों को नोटिस तामिल कराने, अवैध कब्जा धारियों का अतिक्रमण हटाने तथा




माननीय न्यायालय जबलपुर संभाग जबलपुर के द्वारा दावा मान्य एवं अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के तहत् अग्रिम कार्यवाही करने संबंधितों को आदेशित किया गया।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने सभी प्रकरणों पर अतिशीघ्र प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने ऐसे प्रकरण जिनमें गोदाम संचालित किया जाना पाया गया है, उनमें गैर ट्रांसपोर्ट व्यवसाय मान्य किये जाने संबंधी मार्गदर्शन माननीय न्यायालय से प्राप्त करने निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे प्रकरण जिनमें माननीय उच्च न्यायालय की ड्डक्क-29845/2024 में गैर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों एवं ट्रांसफरीज में लीज न करने का आदेश दिया गया है, उनमें ट्रांसफरीज के स्पष्टीकरण हेतु मार्गदर्शन माननीय न्यायालय से प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रकरणों में 10 दिवस के भीतर गठित दलो द्वारा स्थल परीक्षण पूर्ण कराये। समस्त प्रकरणों में स्थल परीक्षण उपरांत अग्रिम कार्यवाही अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश संपदा विभाग व संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन, तथा परीक्षण दल के सदस्य एवं तकनीकी अधिकारी मनीष तड़से, आलोक शुक्ला, अनुपम शुक्ला एवं अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**केदारनाथ गुप्ता को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित अध्यक्ष बने**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दोसर वैश्य समाज के रायपुर निवासी वरिष्ठ समाजसेवक एवं बीजेपी के वरिष्ठ केदारनाथ गुप्ता को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित ,रायपुर के अध्यक्ष बनने की बहुत-बहुत बधाइयां और हार्दिक शुभकामनाए। आपकी इस नियुक्ति से हमारा दोसर समाज गौरान्वित हुआ है। हम सभी समाजबंधुओं को श्री केदार जी जैसे कर्मठ समाजकर्ता पर गर्व है हार्दिक बधाई

# हिट एण्ड रन हादसे में हुई मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के गढ़ा थाना क्षेत्र के त्रिपुरी चौक में गत् दिनों सुबह की सैर के लिये निकले एक 55 वर्षीय व्यक्ति को अज्ञात तेज रफ्तार कार द्वारा टक्कर मारने से मृत?यु होने की घटना सामने आई है। टक्कर लगने से व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतक के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना के अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्?ताह में मांगा है।

# स्त्रियों की आक्रामकता पर तीखी टिप्पणी संभल जाओ!



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। तुम तो कोमलता ,सुंदरता , सात्विकता, प्रेम की प्रतिमूर्ति हो। तुम इतनी क्रूर इतनी ऐबदार कैसे हो सकती हो? सब कह रहे हैं कि अतीत में जितने अत्याचार, दुख-दर्द समाज ने तुमको दिए हैं और तुमने चुपचाप सहे हैं, तुम उनका प्रतिशोध ले रही हो। प्रतिशोध! वो भी इस तरह, आश्चर्य है।

क्या तुम्हें शोभा देता है किसी को चीर कर नीले ड्रम में जमा देना, शादी करके चौदह दिन में प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को जिसके साथ सात फेरे लेकर जीवन भर साथ निभाने का वादा किया उसे ही मार देना, शादी कर के बच्चे पैदा कर के पति को इतना प्रताड़ित करना और शोषण करना कि वो रस्सी चूम ले। पति से बदला लेने के लिए अपने ही मासूम बच्चे को मार कर सूटकेस में बंद कर यात्रा करना। अरे बदला लेना ही है तो सशक्त बनो, गार्गी, मैत्रेयी बनो, विद्योत्मा ,रानी लक्ष्मी, रानी चेन्नम्मा बनो, महादेवी वर्मा, सरोजिनी नायडू ,इंद्रा गाँधी, सुषमा स्वराज बनो। चलो माना ये सब पुराने ज़माने की बात हैं, तो कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स बनो, द्रौपदी मुर्मू बनो, बहन मायावती, ममता बनर्जी बनो।, ऐश्वर्या, सुष्मिता ,करीना , मदर टेरेसा बनो कुछ भी बनो पर हत्यारिन मत बनो। क्या मिलेगा ये सब करके बदनामी , जेल, कोर्ट-कचहरी, समाज की अवहेलना, परिवार का और परिवार को तिरस्कार ।

बेमेल विवाह, बिना प्रेम की सगाई, क्रूरता, अत्याचार, दहेज आदि से छुटकारा पाने के और भी बहुत से तरीके और उपाय हैं। भाग जाओ , तलाक ले लो , आजीवन कुँवारी रहो, पढ लिखकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाओ, सैनिक बन जाओ, संतनी बन जाओ। कुछ न समझ आए तो मर जाओ पर अपनी कोमलता को बचा लो, राक्षसी मत बनो इतने जघन्य ,हृदय विदारक अपराध तुम कैसे कल सकती हो। अभी अपने बीस-पच्चीस वर्षों में ही तुम उन हज़ारों साल का बदला लेना चाह रही हो। क्या तुमको कोई बरगला रहा है। बिल्कुल तुमको कोई बहका रहा है, ये समाज, ये युग, पिछली पीढी , आज़ादी का ख्याल, धन का लालच, पुरुष समाज , या तुम्हारी विकृत मानसिकता। मत भटको, मत बहको। तुम किसी बड़ी साजिश का शिकार हो रही हो। जैसी हो वैसी रहो बच्चियों। बुद्धिमान बनो,साहसी बनो, पर क्रूर और अत्याचारी मत बनो, वर्ना खत्म हो जाओगी। जो भी पाना चाहती हो लड़कर लो छीनकर लो, साहस और बहादुरी से लो पर अपने को समाप्त करके नहीं। संभल जाओ।

**ऋचा उपाध्याय बैंगलोर**

**2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा 54,809 पहुंचा आम आदमी का ध्यान रखकर नॉन एसी कोचों के उत्पादन में वृद्धि**

# भारतीय रेल का नया कीर्तिमान, बीते वित्त वर्ष में बनाए 7,134 कोच

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इससे रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी। जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव मिलेगा। भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ड्डष्स्न), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (ऋष्स्न) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में

**कोच निर्माण में दुनिया का अग्रणी देश बनकर उभरा भारत**



मॉडर्न कोच फैक्ट्री (रूष्स्न) शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ड्डष्स्न) ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है। वर्ष 2024-25 में भारतीय रेल की कोच निर्माण इकाइयों द्वारा कोच उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ड्डष्स्न), चेन्नई ने वर्ष 2023-24 में 2,829 कोचों का निर्माण किया था, जो 2024-25 में बढ़कर 3,007 हो गया है, यानी 178 कोचों की वृद्धि दर्ज की गई है। रेल कोच फैक्ट्री (ऋष्स्न), कपूरथला द्वारा वर्ष 2023-24 में 1,901 कोच बनाए गए थे, जबकि 2024-25 में इसका आंकड़ा बढ़कर 2,102 कोच हो गया है, जिससे 201 कोचों की बढ़ोत्तरी हुई है। इसी प्रकार, मॉडर्न कोच फैक्ट्री (रूष्स्न), रायबरेली ने वर्ष 2023-24 में 1,684 कोचों का निर्माण किया था, जो 2024-25 में बढ़कर 2,025 कोच हो गया है। इस इकाई द्वारा 341 कोचों की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। यह आँकड़े भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता और मांग के अनुसार संसाधन विस्तार के सकारात्मक संकेत प्रदान करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने कोच निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। वहीं 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गया, जिसका औसत 5,481 कोच रहा है। कोच निर्माण क्षेत्र में यह वृद्धि भारतीय रेल द्वारा आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में निर्णायक है। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माण क्षमता को मजबूत करना, आयात पर निर्भरता को कम करना और रेलवे संरचना में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना है। रेल कोच निर्माण में भारतीय रेल की यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया' पहल को नया आयाम देती है। साथ ही विश्व पटल पर भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करती है।

कोच उत्पादन में भारतीय रेल की सफलता 'मेक इन इंडिया' पहल का हिस्सा है, जो रेल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आराम, अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इससे यात्रा का अनुभव और ज्यादा आरामदायक बन रहा है। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य से अधिक किया जल विद्युत उत्पादन

**10 जल विद्युत गृहों ने उत्पादित की 2757 मिलियन यूनिट बिजली**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के जल विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पावर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2694 मिलियन यूनिट (रू) विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जल विद्युत गृहों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2757 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृहों द्वारा वर्ष 2020-21 के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की जल विद्युत उत्पादन क्षमता 915 मेगावाट है छह जल विद्युत गृहों ने वार्षिक लक्ष्य से अधिक किया उत्पादन-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के इस उपलब्धि में 90 मेगावाट स्थापित क्षमता के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी, 160 मेगवाट स्थापित क्षमता के पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह, 315 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर-एक टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर, 20 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर-4 जल विद्युत गृह झिन्ना, 45 मेगावाट स्थापित क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह और 60 मेगावाट स्थापित क्षमता के मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह ने प्रमुख योगदान दिया। इन सभी विद्युत गृहों ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन किया। बाणसागर--2 जल विद्युत गृह सिलपारा व बाणसागर--3 जल विद्युत गृह देवलोंद ने भी नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया। बरगी जल विद्युत गृह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2013-14 के बाद पहली बार नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 508 मिलियन यूनिट की तुलना में 509 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 58 मिलियन यूनिट अधि?क है। 37 वर्ष पुराने बरगी जल विद्युत गृह का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर 92.5 प्रतिशत रहा। ऊर्जा मंत्री ने जल विद्युत गृहों के अभि?यंताओं व कार्मिकों को दी बधाई-मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जल विद्युत गृहों के अभि?यंताओं व कार्मिकों को नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य से अधि?क विद्युत उत्पादन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि? जल विद्युत गृहों के प्रभावी प्रबंधन और उच्च परिचालन दक्षता को दर्शाती है।

# चलित प्रसादम सेवा के 14 साल आज पूरे होंगे मेडिकल कॉलेज में होगा वितरित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट द्वारा संचालित चलित प्रसादम सेवा के आज 4 अप्रैल शुक्रवार को 14 साल पूरे होंगे मेडिकल कॉलेज में 500 लोगों को भोजन प्रातः 10ः30 बजे पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में वितरित किया जाएगा एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल की प्रेरणा से हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में 4 अप्रैल 2011 को प्रारंभ किया गया था जो आज भी प्रतिदिन निरंतर चालू है प्रतिदिन जबलपुर शहर में सेवा देने के लिए एक गाड़ी में पूरी सब्जी कढ़ी चावल हलवा के साथ पीने पानी की व्यवस्था सहित झूठे बर्तन भी आश्रम के भक्त साफ करते हैं उपस्थिति की अपील समिति के अध्यक्ष शरद अग्रवाल नर्मदा महा आरती संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल बी डी पटेल सचिन अग्रवाल एडवोकेट ने की है

# वक्फ संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप नामंजूर, केंद्र सरकार का वक्फ बिल मुस्लिम समाज के खिलाफ - मसूद जावेद क़ादरी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वक्फ संपत्तियां किसी भी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं होतीं, बल्कि वे अल्लाह की अमानत होती हैं। इसे बेचना, खरीदना या इसमें सरकार का हस्तक्षेप बिल्कुल अस्वीकार्य है। वक्फ संपत्ति संरचन बोर्ड जयपुर की रजिस्टर्ड संस्था है, जिसके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मसूद जावेद क़ादरी ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ बिल का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह बिल मुस्लिम समाज की धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि वक्फ संपत्तियों पर नियंत्रण की कोशिशों को तुरंत रोका जाए। मुस्लिम समाज इस बिल के विरोध में पुरजोर आवाज़ उठा रहा है और विभिन्न शहरों में प्रदर्शन की तैयारियां हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वक्फ हमारी अमानत है, इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। सरकारी हस्तक्षेप नामंजूर, वक्फ पर कब्जा नामंजूर। वक्फ संपत्ति पर नहीं चलेगा सरकारी डंडा। वक्फ को बेचने का षड्यंत्र बंद करो। धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बंद करो। जो वक्फ पर कब्जा करेगा, वह जुल्म करेगा। वक्फ संपत्ति हमारी शान, इस पर नहीं चलेगा किसी का फरमान। केंद्र सरकार होश में आओ, वक्फ से दूर हट जाओ। वक्फ पर कब्जा करने वालों, शर्म करो। वक्फ की हिफाज़त करेंगे, किसी से नहीं डरेंगे। मसूद जावेद क़ादरी ने साफ कहा कि अगर सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया, तो विरोध और तेज होगा।

# पर्वतारोही भावना डेहरिया को विक्रम पुरस्कार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रसिद्ध पर्वतारोही भावना डेहरिया का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार - विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भावना मध्यप्रदेश से एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में विक्रम पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं। मध्यप्रदेश सरकार हर वर्ष खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल हस्तियों को विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र, लाइफटाइम अचीवमेंट एवं प्रभाष जोशी पुरस्कार से सम्मानित करती है। विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची का ऐलान खेल और युवा कल्याण विभाग (छ्स्ङ्खङ्ख), मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया गया। छिंदवाड़ा की रहने वाली भावना ने 2019 में माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) फतह कर इतिहास रचा और अपनी पर्वतारोहण यात्रा में कई महाद्वीपों की ऊँची चोटियों को सफलतापूर्वक चढ़ा। उन्होंने साहसिक खेलों में रुचि रखने वाली युवा प्रतिभाओं, विशेष रूप से महिलाओं को, इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर के रूप में भावना ने हमेशा बेटियों को बड़े सपने देखने और हर चुनौती को पार करने के लिए प्रेरित किया है। भावना ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 卐माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए विक्रम पुरस्कार सूची में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि मेरे माता-पिता, परिवार और गुरुओं के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। मेरा लक्ष्य भारत में पर्वतारोहण और साहसिक खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक युवा इस क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकें। भावना की इस उपलब्धि पर उनके प्रशंसकों, खेल प्रेमियों और मध्यप्रदेश वासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। पुरस्कार समारोह के दौरान उन्हें आधिकारिक रूप से यह सम्मान प्रदान किया जाएगा

**रेल यात्रियों के गुम हो गए मोबाइल फोन को ढूंढ़ने के लिए दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल का उपयोग करेगा रेलवे सुरक्षा बल**

# रेल यात्रियों का गायब मोबाइल फोन ढूंढ़ निकालेगा रेलवे सुरक्षा बल, दूरसंचार विभाग से मिलाया हाथ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल यात्रियों के खो गए या गायब मोबाइल फोन को ढूंढ़ निकालने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दूरसंचार विभाग से हाथ मिलाया है। इसके तहत आरपीएफ ने दूरसंचार विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल के साथ सफल साझेदारी की है। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) में एक पायलट प्रोग्राम की सफलता के बाद यह पहल की गई है। भारतीय रेल द्वारा इस पहल को पूरे भारत में लागू किए जाने के बाद करोड़ों रेल यात्रियों को फायदा मिलेगा।

अपना गुम मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए यात्री इसकी रिपोर्टिंग रेल मदद या 139 डायल के जरिए कर सकते हैं। यदि यात्री एफआईआर दर्ज नहीं कराना चाहते, तो उन्हें सीईआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराने का भी विकल्प मिलेगा। सीईआईआर पंजीकरण का विकल्प चुनने पर आरपीएफ की जोनल साइबर सेल शिकायत को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज करेगी और आवश्यक विवरण दर्ज करने के बाद डिवाइस को ब्लॉक करेगी।

अगर नई सिम के साथ खोए हुए फोन का पता चलता है, तो डिवाइस के उपयोगकर्ता को निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर लौटाने की सलाह दी जाएगी। इसके बाद मोबाइल का असली उपयोगकर्ता आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपना फोन वापस पा सकता है।

अनुपालन न होने की स्थिति में रेलवे सुरक्षा बल एफआईआर दर्ज कर सकता है और मामला जिला पुलिस को भेजा जा सकता है। रिकवरी के बाद, शिकायतकर्ता सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से फोन को अनब्लॉक करने का अनुरोध कर सकता है, जिसमें जरूरत पड़ने पर आरपीएफ से सहायता मिलेगी।

सीईआईआर पोर्टल के ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरुआत के मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री मनोज यादव ने कहा कि दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर सीईआईआर पोर्टल को संचालित करने की आरपीएफ की साझेदारी रेलवे सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य यात्रियों को उनके खोए या गायब हुए मोबाइल फोन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एक पारदर्शी और प्रभावी तंत्र प्रदान करना है। यह पहल हमारी क्षमताओं को मजबूत करती है और रेल यात्रियों के बीच अधिक विश्वास पैदा करती है। हम यात्री संपत्ति की सुरक्षा और रेल नेटवर्क पर सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सीईआईआर पोर्टल, दूरसंचार विभाग द्वारा शुरू किया गया है। यह मोबाइल फोन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो खोए या चोरी हुए उपकरणों को ब्लॉक करने, ट्रैक करने और प्रबंधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके जरिए आरपीएफ अब खोए/गायब हुए मोबाइल फोन को उनके आईएमईआई नंबर को ब्लॉक करके बेकार कर सकेगा, जिससे इन उपकरणों के अवैध कब्जे और पुनर्विक्रय को रोकने में मदद मिलेगी। यह पहल उन्नत ट्रैकिंग क्षमताओं के माध्यम से खोए हुए फोन की तेजी से रिकवरी को भी सुगम बनाएगी।

आरपीएफ ट्रेनों और स्टेशन परिसरों में यात्रियों की खो गई या गायब हुई संपत्ति को पुनर्प्राप्त करने के प्रयासों में सबसे आगे रहा है। आरपीएफ ने इसके लिए ऑपरेशन अमानत चला रखा है, जिसका एकमात्र उद्देश्य कीमती सामानों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाना है। जनवरी 2024 से फरवरी 2025 के बीच आरपीएफ ने 84.03 करोड़ रुपये मूल्य की खोई या छूटी हुई वस्तुओं को पुनर्प्राप्त कर 1.15 लाख से अधिक यात्रियों को वापस किया। सीईआईआर को रेलवे सुरक्षा संचालन में शामिल करने से आरपीएफ के प्रयासों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे खोए हुए मोबाइल फोन अपने असली मालिकों तक पहुंच सकें।

मई 2024 में, आरपीएफ ने नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था ताकि सीईआईआर पोर्टल का सक्रिय उपयोग किया जा सके और आरपीएफ के लिए इसकी उपयोगिता का अध्ययन किया जा सके। इस प्रयोग से कई खोए हुए मोबाइल फोन की सफल रिकवरी हुई और मोबाइल चोरी में शामिल व्यक्तियों को पकड़ा गया। इस पहल को पूरे देश में विस्तारित करने के साथ, आरपीएफ को भरोसा है कि यह रेल यात्रियों के उपकरणों की तेज रिकवरी में मददगार साबित होगा।



भोपाल- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

**उद्योगपति समाज और सरकार दोनों के सहयोगी, सरकार उन्हें देगी पूरा प्रोत्साहन-उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश सरकार ने दी 5 हजार 260 करोड़ की सब्सिडी राशि-गत वर्ष का कोई भुगतान लंबित नहीं, वृहद और छोटे उद्योग सभी हुए लाभान्वित**

# प्रधानमंत्री मोदी के विकास के मॉडल पर हो रहा मध्यप्रदेश में क्रियान्वयन- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उद्योगों और अन्य क्षेत्रों में तीव्र विकास हो रहा है। उद्योगपति सरकारों और समाज के लिए सहयोगी हैं। वे लाखों परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करवाते हैं। उद्योगपतियों के योगदान को सम्मान देने के लिए समाचार संस्थान ने इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। अवार्ड सेरेमनी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उद्योग जगत द्वारा सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास के विक्रेंद्रीकृत मॉडल को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे परिणाम लाने के लिये बेहतर वातावरण निर्मित हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना और इनके माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपति आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने में आज पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी को विभिन्न राष्ट्रों से जो सम्मान मिल रहा है, वह अद्वितीय हैं। रूस और यूक्रेन भले ही परस्पर लड़ते रहे, लेकिन दोनों देशों ने प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह को मानते हुए भारत और अन्य देशों के विद्यार्थियों को संकट से निकालने में सहयोग दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगों से राष्ट्र की प्रगति का कार्य हो रहा है। सरकारों का कार्य सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना और बिजली, पानी की व्यवस्था करना नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों के साथ विकास और परमार्थ के कार्यों को प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जीआईएस का आयोजन अत्यंत सफल रहा। जीआईएस से सकारात्मक वातावरण बना। प्रदेश की लगभग 9 करोड़ आबादी की बेहतरी के लिए राज्य सरकार प्रोत्साहनकारी भूमिका का निर्वहन कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। अब गत वर्ष का कोई भुगतान लंबित नहीं है। वृहद और छोटे उद्योग सभी लाभान्वित हुए हैं। राज्य सरकार ने वचनबद्धतापूर्वक यह कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस सिर्फ एक इवेंट नहीं था, बल्कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक आयोजन भी था।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उद्योग हितैषी नीतियों को लागू करने, मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफलतम आयोजन के माध्यम से 30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर क्रियान्वयन और नवाचारों से सुशासन आधारित व्यवस्था को मजबूत बनाने पर उद्योग जगत की ओर से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह और आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सीओओ श्री सुमित मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नेतृत्व ऐसा है जो असंभव कार्यों को संभव बनाता है। प्रदेश में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता लागू कर उद्योगपतियों को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में सहयोगी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय स्टेट बैंक के चीफ जनरल मैनेजर श्री चंद्रशेखर शर्मा को सम्मानित करने के अलावा जिन उद्योगपतियों को इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए उनमें एचईजी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री मनीष गुलाटी, आयनेक्स के श्री अनिल खेमसारा, दावत राइस के श्री राजेंद्र, प्रिज्म सीमेंट के श्री राजेंद्र संचेती, बालाजी पैकेजिंग ग्रुप के विकास मूंदड़ा, महाकौशल शुगर एंड पॉवर इंडस्ट्री के श्री नवाब राजा, उदीप सोशल वेलफेयर ग्रुप की सुश्री पूनम श्रोती, गोयल पैंट के श्री श्याम वैभव गोयल, आईसीसी इंफ्रा के श्री आरिफ जाफरा मंसूरी, आनंदन इंडस्ट्री के श्री अशोक आनंद, एमके इंडस्ट्रीज के श्री मनोज जैन, समरकूल इलेक्ट्रिकल्स एंड होम अप्लायंस के श्री आशुतोष तनुज गुप्ता, आरआरजी इलेक्ट्रिकल के श्री रंगाराव, भंवरदीप कॉपर के श्री आदित्य आकाश बाफना, जेके स्टोन के श्री जितेन्द्र जैन, सुश्री आभा जैन, बालाजी कार्पोरेशन के श्री त्रिलोकी अग्रवाल, स्कायलार्क प्रोटीन्स के श्री जितेंद्र, नरेंद्र ट्रेडिंग कंपनी के श्री प्रमोद वर्मा, अलीशा फूड्स लिमिटेड के श्री एहसान, तिरूपति इंफ्रा के श्री दिलीप परयानी, ओटा इलेक्ट्रिकल सर्जिकल इक्विपमेंट के श्री भूपेंद्र, श्री संजय प्रसाद अग्रवाल, श्री पुनीत खुराना, श्री संदीप पाटीदार, श्री सुनील लड्ढा, श्री विशाल अनिल जोशी, श्री मनीष शाह शामिल हैं।

**मंत्री सारंग ने की खेल एवं युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा**

## पार्थ योजना और खेलो-बढ़ो अभियान को करें क्रियान्वित-मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने पार्थ (पीएआरटीएच) योजना और खेलो-बढ़ो अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। उन्होंने कहा है कि पार्थ योजना और खेलो-बढ़ो अभियान के जरिये ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इससे लाभान्वित हो, इसकी तैयारी की जाये। मंत्री श्री सारंग बुधवार को तात्या टोपे स्टेडियम स्थित मेजर ध्यान चंद हॉल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने दोनों योजना और अभियान को मूर्तरूप से धरातल पर उतारने को कहा। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 9-10 संभाग में इसको त्वरित गति से अग्रसर किया जाये। इसकी विभाग और शासन स्तर की कार्रवाई पूर्ण करें और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेलो-बढ़ो अभियान 1 मई से शुरू हो। प्रारंभ में इसके लिये 37 जिले चयनित किये गये है। सोशल मीडिया से भी इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाये, जिससे प्रदेश का टैलेन्ट सामने आये। इसका कैलेण्डर तैयार कर लिया जाये। साथ ही बच्चों के पालकों के साथ भी मोटिवेशन वार्तालाप हो। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिये कि सितम्बर से खेलो एम.पी. गेम्स की शुरूआत की जाये, जिससे मध्यप्रदेश की टीम तैयार हो और वही नेशनल चैम्पियनशिप में भाग ले। बैठक में भेल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, खेलो एम.पी. यूथ गेम्स, प्रकाश तरूण पुष्कर, फिट इंडिया क्लब और नेशनल चैम्पियनशिप पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव सहित खेल अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है - मंत्री श्रीमती उइके



भोपाल-(आरएनएस) प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है। किसानों के हितार्थ कई योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभ प्रदान किया जा रहा है। वहीं, उनकी खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने संयुक्त तहसील दुधमनिया में 8 करोड़ की लागत से निर्मित भवन के लोकार्पण अवसर पर कही। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह भी उपस्थित थीं।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि इस संयुक्त भवन के निर्माण से अब 65 गांवों के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिये साइबर तहसील, लोक सेवा गारंटी लागू कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जहां गरीबों के लिए आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं ,वहीं किसानों के लिए सम्मान निधि प्रदान की जा रही है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने के लिए 'लाड़ली बहना योजना' चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से आर्थिक सहायता देकर महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र के विकास के लिए कॉलेज एवं अस्पताल खोले जाएंगे। सरकार प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक 'स्कूल चले हम' अभियान चलाया जा रहा है। हमें बेटा-बेटी के बीच का अंतर समाप्त करना है और बेटियों को भी बेटों की तरह शिक्षा का अधिकार देना है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी अपने बच्चों का विद्यालय में प्रवेश दिलाएं।

राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। विकास के कई कार्य संचालित होंगे। साथ ही, किसानों एवं नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कई योजनाएं और सुविधाएं दी जा रही हैं। आने वाले समय में दुधमनिया में भी महाविद्यालय प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम, विधायक धौहनी कुवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, श्री सुंदरलाल शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व विधायक अमर सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सिया दुलारी सहित वरिष्ठ समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## रेत की ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकने पर कांग्रेस विधायक ने खनिज निरीक्षक को लगाई फटकार

बालाघाट (आरएनएस)। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और खनिज निरीक्षक मुकेश बाड़िवा के बीच सरकारी आवास में रेत परिवहन को लेकर विवाद हो गया। रेत की ट्रॉली रोकने पर विधायक अफसर पर भड़क उठी। कहा नालायक कहीं का, बदतमीजी कर रहे हो, इतनी रेत चोरी हो रही है, उसे नहीं पकड़ते। तेरी औकात कितनी है बता। मेरी सामने गाड़ी में बैठ रहा है, तेरी गाड़ी फोड़ दूंगी। गरीबों को परेशान कर रहा है, कितना माल चाहिए बता, कितना माल खा रहा है।

मामला सोमवार दोपहर में बाग कॉलोनी स्थित शासकीय आवास का है। विधायक के यहां रिनोवेशन का काम चल रहा है। इसके लिए भौंर सिंह मुहारे का ट्रैक्टर रेत की ट्रॉली लेकर पहुंचा था। इसे खनिज निरीक्षक ने अवैध बताते हुए रोक लिया। मामला तब और बिगड़ गया जब खनिज निरीक्षक ने कथित तौर पर विधायक को नहीं पहचानने की बात कही। उनके सहयोगी का मोबाइल छीन लिया।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची विधायक ने खनिज निरीक्षक को फटकार लगाई। उन्होंने इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई। उन्होंने एसपी और प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह से इसकी शिकायत की।

विधायक ने बताया कि बालाघाट में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग इस पर कार्रवाई नहीं कर रहा।

**भोपाल हाट बाजार में मिलेट दीदी कैफे और विकास भवन में दीदी कैफे का किया शुभारंभ**

## दीदी कैफे से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ बढ़ रही है सामाजिक प्रतिष्ठा- मंत्री पटेल



भोपाल (आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि करने का साधन बन रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर कर रहे हैं बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ा रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने बुधवार को विकास भवन एवं भोपाल हाट बाजार ने समूहों द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, सीईओ एसआरएलएम श्रीमती हर्षिका सिंह, सीईओ आरआरडीए श्री दीपक आर्य, आयुक्त मनरेगा श्री अवि प्रसाद सहित अधिकारी-कर्मचारी और स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रही। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शास्त्रों एवं परंपरागत ज्ञान में उल्लेख है कि भोजन में स्वाद भोजन सामग्री के साथ ही बनाने वाले के भाव का भी होता है। दीदी कैफे में भोजन स्वादिष्ट है क्योकि इसे तैयार करने वाली महिलाओं का अपनापन इसमें शामिल है। उन्होंने भोपाल हाट बाजार में मिलेट से तैयार व्यंजनो के लिए कैफे स्थापित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने दोनों कैफे का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने समूह की महिलाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री पटेल ने कैफे में सफाई व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विकास भवन स्थित कैफे का संचालन संगम सीएलएफ के आठ समूह सदस्यों एवं हाट बाजार मिलेट कैफे का संचालन उड़ान सीएलएफ की पांच समूह सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के क्लस्टर डवलपमेंट के तहत एक पहल है, जिसमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाता है और उन्हें तकनीकी समर्थन एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वे स्वयं के द्वारा संचालित कैन्टीन, केटरिंग ऑपरेशन, कियोस्क और फूड ट्रक जैसे खाद्य आधारित उद्यम स्थापित कर सकें।

## राज्य मंत्री बागरी को अवैध रूप से जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र निरस्त किया जाये-प्रदीप अहिरवार

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच कराये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल के साथ अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग छानबीन समिति के आयुक्त के नाम संबोधित शिकायती पत्र विभाग के सहायक आयुक्त को सौंपते हुये जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई।

आयुक्त को प्रेषित शिकायत पत्र में कहा गया है कि भाजपा सरकार में मंत्री प्रतिमा बागरी का अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र अवैध रूप से जारी किया गया है, वे अनुसूचित जाति वर्ग की न होकर ठाकुर/राजपूत समाज से आती हैं।

जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन बागरी द्वारा किया गया है। वहीं अहिरवार के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने छानबीन समिति को शपथ पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज सौंपे हैं, जो इस मामले की पुष्टि करते हैं। अहिरवार ने कहा कि विंध्य, बुंदेलखंड, और महाकौशल क्षेत्र के बागरी अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध न रखने के बावजूद, जाति नाम की समानता के आधार पर मालवा और निमाड़ क्षेत्र के वास्तविक अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

## पराली जलने से वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये बनायें समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्य-योजना - प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी

भोपाल(आरएनएस)प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये भोपाल में समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, उद्योग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राजस्व, उद्यानिकी विभाग और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में धान एवं गेहूँ की कटाई के बाद जलने वाली पराली से होने वाले वायु प्रदूषण एवं उनसे पड़ने वाले स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव की रोकथाम के लिये प्रभावी कार्रवाई करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं।

प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा गेहूँ की फसल की कटाई में उपयोग होने वाली मशीनों में रिपर/बेलर लगाना अनिवार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये प्रदेश में स्थापित ताप विद्युत गृहों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि अवशेषों का दहन करने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में कितनी मात्रा में कृषि अवशेषों का निष्पादन किया गया है तथा इस वर्ष की कार्य-योजना बनायी जाये। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रदेश के किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराएं। उन्होंने पराली जलाने के स्थान पर उपलब्ध विकल्प और शासन द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और स्थानीय केबल नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश भी दिये। सदस्य सचिव मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि बोर्ड द्वारा एनएएसएएफआईआरएमएस पोर्टल पर सेटेलाइट से आग लगने की घटनाओं पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों में आग लगने की घटनाओं की संख्या एवं उनके भौगोलिक निर्देशांक की जानकारी तैयार की गयी है। इसे प्रतिदिन समस्त जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारी को व्हाट्सअप के माध्यम से अवगत कराया जायेगा।

**मुख्य सचिव ने ली वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन जानकारी**

# मुख्य सचिव ने की मंत्रालय में समस्त विभागों की समीक्षा



भोपाल-(आरएनएस) मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने बुधवार को मंत्रालय में, वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य निर्धारण को लेकर सभी विभागों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव श्री जैन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी विभागों की विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक क्रियान्वयन समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने बैठक में विजन ञ्च2047 के अंतर्गत विभागीय कार्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। शासन के महत्वाकांक्षी गरीब, अन्नदाता, युवा एवं नारी मिशन के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना पर भी व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव श्री जैन ने संकल्प पत्र में सभी विभागों से जुड़े समस्त संबंधित बिंदुओं पर चर्चा कर, उनके पालन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्राथमिकता वालें विषयों के क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, केन्द्र सरकार को भेजे जाने वाले उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं मांग स्थिति की भी जानकारी ली।

जनशिकायत निवारण, अंतर्विभागीय एवं विधानसभा से जुड़े विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई। मुख्य सचिव श्री जैन ने लंबित सीएस मॉनिट, भारत सरकार से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्रों की समीक्षा, पेपर कटिंग, सीएम हेल्पलाईन, ई-ऑफिस, सीपी ग्राम, विधानसभा प्रश्न एवं आश्वासन सहित कैग रिपोर्ट से संबंधित विभागीय बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय समितियों की बैठक की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक क्रियान्वयन के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में मानव संसाधनों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई, इसके अंतर्गत भर्ती, प्रशिक्षण (मिशन कर्मयोगी) एवं न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की समयपूर्वक प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग सतत् क्रियान्वयन करें एवं समय-समय पर क्रियान्वयन की समीक्षा भी सुनिश्चित करें। बैठक में समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।



**हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का त्योहार बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है और इसका समापन 7 अप्रैल को होगा। अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं या फिर किसी शक्तिपीठ मंदिर का दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस नवरात्रि के मौके पर आप भी मध्य प्रदेश को प्राचीन मंदिरों और शक्तिपीठों के बारे में बताने जा रहे हैं।**



## मोदी सरकार की ऐतिहासिक पहल

केंद्र सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला के तहत एल्युमीनियम फॉयल सहित पांच चीनी वस्तुओं पर एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाया है। बताया जा रहा है कि यह निर्णय घरेलू उद्योगों को चीन से सस्ते आयात के निगेटिव असर से बचाने के लिए की गई है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर (व्यापार उपचार महानिदेशालय) की सिफारिश के आधार पर व्यापार कार्रवाई की गई है। डीजीटीआर डंपिंग और सब्सिडी जैसे मामलों की जांच करती है। दरअसल, एंटी-डंपिंग ड्यूटी आयातित वस्तुओं पर लगाए जाने वाले टैक्स हैं, जो उनके निर्यात मूल्य और उनके सामान्य मूल्य के बीच के अंतर की भरपाई के लिए लगाए जाते हैं, अगर डंपिंग के कारण आयात करने वाले देश में प्रतिस्पर्धी उत्पादों के उत्पादकों को नुकसान होता है। केंद्र सरकार के संज्ञान में यह बात लंबे अरसे से थी कि चीन भारत के घरेलू उद्योग को बर्बाद करने की साजिश में लगा हुआ है। आखिरकार सरकार को यह कदम उठाना पड़ा। स्वाभाविक तौर पर सरकार के इस फैसले से भारतीय उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार को भी यह भरोसा है कि ऐसी सख्ती से भारतीय उद्योगों को मदद मिलेगी। इससे वे चीन से आने वाले सस्ते आयात से मुकाबला कर पाएंगे। भारत ने पहले ही चीन सहित विभिन्न देशों से सस्ते आयात से निपटने के लिए कई उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया है। इन सब तथ्यों से इतना तो साफ होता है कि चीन की नीयत में खोट है। वह भारत से मिलने वाली तमाम रियायतों और सुविधाओं को दरकिनार कर उसी का नुकसान पहुंचाने की जुगत में लगी रहती है। हो सकता है इस कदम के बाद चीन इस बात की संवेदनशीलता को समझेगा।

# पड़ोसियों की तिकड़मों से सबक सीखे भारत, हिंदुत्व की पकड़े राह?

विभिन्न सुलगते हुए प्रादेशिक-राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और मानवीय विषयों पर भारतीय राजनेताओं, नौकरशाहों, न्यायविदों, संपादकों, समाजसेवियों और अपने-अपने पेशे में दक्ष लोगों के जो नीतिगत अंतर्विरोध हैं, वह राष्ट्रहित में तो कतई नहीं है। वहीं कुछ लोगों का स्पष्ट मानना है कि इन अंतर्विरोधों का असली स्रोत हमारे संविधान में अंतर्निहित है, जो विदेशी फूट डालो, राज करो की नीतियों का देशी स्वरूप मात्र है।

अजीब विडंबना है कि समकालीन माहौल में चिन्हित संवैधानिक त्रुटियों को बदलने के लिए जिस राजनीतिक कद के व्यक्ति को आगे आना चाहिए, वह अभी तक आगे नहीं आ पाया है। वैसे तो इतिहास ने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक मौका दिया, लेकिन संतुलित राष्ट्रवाद और अटल राष्ट्रीयता की कसौटी पर ये लोग खरे नहीं उतरे। यह कड़वा सच है कि इनके तमाम किंतु-परंतु से स्थितियां और अधिक उलझती गईं। इससे हमारे पड़ोसी देशों का दुस्साहस बढ़ता गया और आज का भारत अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए चीन-अमेरिका-रूस जैसे विदेशी ताकतों पर निर्भर है।

वहीं, इनकी स्वार्थपरक बदनीयती से भारत और भारतीयता दोनों वैश्विक चक्रब्युह में उलझ चुकी है और इस्लामिक चक्रब्युह में बुरी तरह से फंसती जा रही है। लिहाजा, भारत के पास अब तीन ही विकल्प बचे हैं- पहला, वह विभिन्न चुनौतियों के वक्त खरी उतरी रूसी मित्रता को और मजबूत बनाए। दूसरा, चीनी चालबाजियों के खिलाफ स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाए। और तीसरा, इस्लाम विरोधी अमेरिकी गठबंधन में यदि शामिल होना है तो रूस-चीन से बेपरवाह होकर सिर्फ अमेरिका से मजबूत रिश्ते बनाए और विभाजित भारत में हिंदुत्व की भावना को मजबूत बनाए।

वहीं, यदि कोई धर्मनिरपेक्षता की बात करे तो यूनिफिकेशन ऑफ इंडिया की बात उठाए, फिर धर्मनिरपेक्षता अपनाए। क्योंकि इससे चीनी दाल पाकिस्तान-बांग्लादेश में नहीं गल पाएगी। ऐसा इसलिए कि अंतर्विरोधों से भरा हुआ व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र देर-सबेर नष्ट हो जाता है। मैं नहीं चाहता कि कतिपय अंतर्विरोधों से भरा हुआ गुलाम भारत और उसके बाद अस्तित्व में आया आजाद भारत भी अपने अमृतकाल यानी न्यू इंडिया के जमाने में 2047 के बाद भी उन्हीं स्थितियों-परिस्थितियों से गुजरे, जो इसकी 800 सालों की गुलामी और मर्मांतक राष्ट्र-विभाजन की मौलिक वजह समझी गई हैं।

इसलिए मौलिक व ऐतिहासिक परिवर्तन तभी संभव होगा, जब राजनेता-नौकरशाह-न्यायविद, सैन्य हुक्मरान और अपने-अपने पेशे के दक्ष लोग जाति-धर्म मुक्त होकर एक सशक्त और उदार भारत की नींव रखना चाहेंगे, जहां हिन्दू हितों से कोई समझौता नहीं हो। जैसे कि पाकिस्तान व बंगलादेश में मुस्लिम हितों से कोई समझौता नहीं किया जाता है। गुजरते दशकों में या आजकल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और मीडिया में चीन-बांग्लादेश-पाकिस्तान की जारी तिकड़मों से भारत को सबक लेना चाहिए और नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान आदि की भी नकेल कसते हुए भारत के समग्र हित को साधने की स्पष्ट रणनीति तैयार करनी चाहिए। यह सबकुछ तभी सम्भव होगा जब हमारी सरकार हिंदुत्व की मजबूत राह पकड़ेगी और चीनी शह पर खलता प्रदर्शित कर रहे पड़ोसियों को जमीनी हकीकत से रूबरू करवाएगी। इसके लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीतियों की जरूरत भी पड़े तो उसे अपनाने में हमारी सरकार को नहीं हिचकना चाहिए। इस बात में कोई दो राय नहीं कि विविधता हमारी खूबसूरती है, लेकिन यही बात धर्मनिरपेक्षता पर तब लागू होगी जब पाकिस्तान-बांग्लादेश का विलय भारत में हो जाए। जबतक जर्मनी और इटली की तरह इंडिया का भी एकीकरण नहीं हो जाता, तब तक हिंदुस्तान हिंदुओं का मुल्क है और समकालीन चीनी, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी तिकड़मों का जवाब भी हिंदूवादी रणनीति के जरिए ही दिया जा सकता है। इस बात में किसी को संशय नहीं होना चाहिए, क्योंकि वेद में स्पष्ट कहा गया है कि संशयात्मा विनश्यति। यानी जिसके मन में संशय हो, उसका विनाश निश्चित है। इस नजरिए से केंद्रीय और विभिन्न राज्यों की सत्ता में मजबूत हुई भाजपा और उसकी मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विभिन्न मौकों पर अडिग हिंदुत्व को लेकर जो संशय दिखाए जा रहे हैं, उससे भविष्य में कांग्रेस मजबूत होगी और भाजपा की दुर्गति कांग्रेस से ज्यादा हो सकती है। क्योंकि भारतीय मतदाता बहुत ही मंजे हुए निर्णय लेते हैं।

आखिर पारसी वधू पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी वाली गलतियां भी वैश्य बहादुर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दुहराएंगे तो फिर कांग्रेस और भाजपा में क्या अंतर रह जाएगा? शायद अंतर है भी नहीं, क्योंकि सत्ता में आते ही सुविधाभोगी नौकरशाही और उद्योगपतियों का गिरोह कतिपय अंतरराष्ट्रीय संधियों/मजबूरियों जनित लाभ-हानि का वास्ता देकर राजनीतिक हृदय परिवर्तन करवाने में सफल हो जाते हैं!

## यमुना छठ पर स्नान-दान करने से यम और शनि के भय से मिलती है मुक्ति

हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को यमुना छठ का व्रत किया जा रहा है। इसको यमुना जयंती के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व यमुना नदी के पृथ्वी पर आगमन का प्रतीक है। हिंदू धर्म में यमुना को एक पवित्र नदी माना जाता है। इस बार यमुना छठ का पर्व 03 अप्रैल 2025 को मनाया जा रहा है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन यमुना नदी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। यमुना छठ का व्रत करने से व्यक्ति को यम और शनि के भय से मुक्ति मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यमुना छठ की तिथि, मुहूर्त और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि की शुरूआत 02 अप्रैल 2025 की रात 11:49 मिनट पर हुई और इसका समापन 02 अप्रैल की रात 09:41 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 03 अप्रैल 2025 को यमुना छठ का व्रत किया जा रहा है। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस दिन स्नान के लिए सुबह 04:38 मिनट से 05:47 मिनट तक का समय शुभ माना गया है। इसके अलावा आप विजय, अभिजीत और गोधूलि मुहूर्त में भी स्नान-दान कर सकते हैं। यमुना छठ के दिन सुबह जल्दी उठकर यमुना नदी में स्नान करें और फिर भगवान श्रीकृष्ण और यमुना नदी की पूजा करते हैं। पूजा में फल, फूल और मिठाई आदि अर्पित की जाती है। इस दिन यमुना अष्टक का पाठ करें और फिर आरती करें। इस दिन दान-पुण्य करना बहुत शुभ माना जाता है। लोग यमुना छठ का व्रत करते हैं। विशेष रूप से यमुना छठ का पर्व उत्तर भारत, खासकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में मनाया जाता है। यह पर्व मां यमुना नदी की पूजा के लिए समर्पित है। इस पर्व को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से काफी अहम माना जाता है। दरअसल, यमुना नदी का भगवान श्रीकृष्ण से गहरा संबंध है।

## पर्वत पुरुष ने जीवन-भर अपने दिल से दूसरों के हित को ऊपर समझा

भारत डोगरा

दशरथ मांझी ने जीवन जीने की ऐसी राह दिखाई जो अपने त्याग के बल पर आसपास के सभी लोगों, अपने और अनेक गांवों के लोगों की भलाई पर आधारित थी।

पर्वत पुरुष के रूप से पहचान बनाने वाले इस महादलित समुदाय के महापुरुष ने सबसे निर्धन भूमिहीन परिवार में जन्म लेने के बावजूद ऐसे कार्य किए जिनसे आज तक अनेक जाने-माने व्यक्ति तो उनका सम्मान करते ही हैं, राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री तक उनकी प्रशंसा कर चुके हैं। गांव के मौजूदा मुखिया कहते हैं कि दशरथ मांझी ने वि के मानचित्र पर इस उपेक्षित क्षेत्र की उपस्थिति दर्ज करवा दी।

दशरथ ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने जीवन-भर अपने दिल से दूसरों के हित को ऊपर समझा और व्यापक जन-हित के लिए कुछ करने की ठान ली तो फिर उसके लिए आश्चर्यजनक दृढ़-निश्चय से कार्य किया। गया जिले (बिहार) में स्थित उनके गेहलौर गांव (प्रखंड मोहरा) में एक ऊंचा, विकट पहाड़ है, जिसके कारण सबसे नजदीक के शहर की सुविधाओं, अस्पताल, स्कूल, रोजगार-स्थल से संपर्क नहीं हो पाता था और कोई 15 किमी. की दूरी 55 किमी. के लंबे रास्ते से पार करनी पड़ती थी। इसी पहाड़ पर किसी आजीविका अर्जन के लिए गए दशरथ को खाना-पानी देने उनकी पत्नी फाल्गुनी देवी गई तो विकट पहाड़ पर गिर कर घायल हो गई। अपने स्वभाव के अनुकूल सबके दर्द को अपनाने वाले दशरथ पत्नी की पीड़ा से कैसे आहत न होते और इसी स्थिति में उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि पहाड़ को तोड़ कर ऐसी राह निकालेंगे जिससे गांववासी दूसरी पार की सुविधाओं तक पंहुच सकें। तभी से हथौड़ा-छेनी लेकर पहाड़ तोड़ने में लग गए और 22 वर्षों तक 1960 से 1982 तक इस काम में लगे रहे और अंत में सफलता प्राप्त की। 26 वर्ष में यह कार्य आरंभ कर 48 वर्ष की आयु में पूर्ण किया। पहले तो आसपास के लोगों ने उनका मजाक उड़ाया पर जैसे-जैसे वे सफलता के नजदीक पहुंचे तो उन्होंने कुछ सहायता भी की। सफलता मिलने के बाद दशरथ मांझी के बनाए रास्ते को सरकार ने कुछ और चौड़ा कर दिया और धीरे-धीरे यह सामान्य सड़क बन गई। दशरथ मांझी के कार्य को समझने के लिए जरूरी है कि वे संत कबीर के प्रति बहुत आस्थावान थे। उनके विचारों से प्रेरित वे दूसरों की भलाई के लिए प्रयासरत रहे। जब यह लेखक उन्हें जानने-पहचानने वाले कुछ आसपास के गांववासियों से मिला, तो उन्होंने बताया कि वे मीठी भाषा बोलते थे पर इसमें कभी-कभी कठोर सच्चाई भी कह जाते थे। इन लोगों ने बताया कि वे जब वहां से गुजरते तो हथौड़े-छेनी से पहाड़ तोड़ने के काम में मांझी को तल्लीन देखते। इसके साथ-साथ वे मजदूरी कर अपने चार सदस्यों के परिवार का भरण-पोषण भी करते थे। अपनी जरूरतों को न्यूनतम रखते थे। भूख-प्यास दूर रखने के लिए खिचड़ी और सत्तू उन्हें प्रिय थे। सत्तू तथा पानी साथ रखते थे। पहाड़ में राह निकालने की सफलता प्राप्त करने के बाद भी वे गांववासियों की भलाई के लिए सक्रिय रहे और रेल पटरी के किनारे चल कर दिल्ली पहुंच गए।

## नवरात्रि पर जरूर करें दिल्ली-एनसीआर के इन फेमस मंदिरों में दर्शन, भक्तों की लगती है भारी भीड़

चैत्र नवरात्रि की 30 मार्च 2025 से शुरूआत हो रही है, वहीं इस पर्व का समापन 06 अप्रैल को होगा। नवरात्रि का पावन पर्व पूरे 9 दिनों तक चलता है, लेकिन इस साल यह महापर्व 8 दिन का है। नवरात्रि के मौके पर मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं लोग मां दुर्गा का आशीर्वाद पाने के लिए व्रत करते हैं और मंदिर जाते हैं। भक्त नवरात्रि पर मां दुर्गा के मंदिर जाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ऐसे में अगर आप भी दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं तो नवरात्रि पर मां दुर्गा के फेमस मंदिरों में दर्शन के लिए जा सकते हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली के कुछ फेमस मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आपको एक बार दर्शन करने जरूर जाना चाहिए। नवरात्रि के शुभ मौके पर दिल्ली के काजकाजी में स्थित कालका जी माता मंदिर के दर्शन करने जरूर जाएं। यह दिल्ली का सबसे पुराना मंदिर है और इस मंदिर का इतिहास करीब महाभारत काल का बताया जाता है। बताया जाता है कि राजा युद्धिष्ठर के शासनकाल में खुद भगवान श्रीकृष्ण और पांडवों ने कालकाजी मंदिर में देवी काली की पूजा-अर्चना की थी। इस मंदिर के कपाट सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण के दौरान भी खुले रहते हैं।

## मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहिम का आह्वान

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गर्माये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है। संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं,

## मध्य प्रदेश में स्थित है मां के प्राचीन मंदिर और शक्तिपीठ, श्रृद्धालुओं का लगा रहता है तांता, महाभारत से भी जुड़ा है इतिहास

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का त्योहार बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है और इसका समापन 7 अप्रैल को होगा। अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं या फिर किसी शक्तिपीठ मंदिर का दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस नवरात्रि के मौके पर आप भी मध्य प्रदेश को प्राचीन मंदिरों और शक्तिपीठों के बारे में बताने जा रहे हैं। मान्यता है कि माता के इन मंदिरों पर जाने से माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित हरसिद्धि देवी शक्तिपीठ की मान्यता बेहद प्रचलित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यहां पर माता सती की कोहनी गिरी थी। यह शक्तिपीठ रुद्र सागर तालाब के पश्चिमी तट पर स्थित है। माना जाता है कि माता दिन में गुजरात और रात को उज्जैन में निवास करती हैं।

## किसानों के धरने के कारण नुकसान

अवधेश कुमार

दिल्ली में 2020-21 में कृषि कानून के विरुद्ध किसानों के नाम पर दिए जाने वाले धरना और आंदोलन के दौरान मिले राजनीतिक समर्थनों को देखते हुए किसान नेताओं को शायद ही उम्मीद रही होगी कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार सीमा से उनके तंबू वगैरह उखाड़ कर भागने को विवश कर देगी।

पंजाब के शंभू बोर्डर व खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी, 2024 यानी कुल 13 महीने से धरने पर बैठे किसान नेताओं का सारा लाव-लश्कर भगवंत मान सरकर ने समाप्त कर दिया।

बुलडोजर एवं जेसीबी एक्शन की लाइव तस्वीरें पूरा देश देख रहा था, जिनमें मंच ढाए जा रहे थे, ट्यूबलाइट, पंखे, टीन की चादरें उखड़ रही थी। प्रशासन की पूरी कार्रवाई सुनियोजित थी। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर शंभू अंबाला और संगरूर जींद मार्ग से कंक्रीट के अवरोध को हटाने के लिए जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद ली गई।

हरियाणा की प्रशासनिक मशीनरी ने भी पंजाब से लगी राज्य की सीमा पर सीमेंट के ब्लॉक, लोहे की कीलें और कंटीले तारों की मदद से अवरोधक लगाए थे ताकि 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब से किसान संगठनों को राजधानी की ओर न बढ़ने दिया जाए। किसानों के नाम पर बने नेताओं को आभास होना चाहिए था कि वो जो कुछ कर रहे हैं उसे सरकार और प्रशासन ही नहीं जनता के बीच भी समर्थन नहीं है। ऐसा होता तो उनके पक्ष में कोई बड़ा प्रदर्शन कम से कम पंजाब और हरियाणा में अवश्य दिखाई देता।

पिछले कई दिनों से लग रहा था कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इनसे नाखुश हैं और इन्हें बला मानकर टालना चाहते हैं। यानी कार्रवाई कभी भी हो सकती है। किसान संगठनों के नेताओं ने निश्चय ही सरकार के विरोध किए जाने की कोशिश की होगी। कार्रवाई के बावजूद कांग्रेस और अकाली दल जैसी पार्टियों के अलावा देश के अन्य भागों को छोड़िए पंजाब हरियाणा में ही कहीं कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। जगजीत सिंह दल्लेवाल और सरवन सिंह पंढेर को भी पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया।

बावजूद उनके समर्थन में शक्तिशाली आवाज नहीं आई। यह बताता है कि किसानों के नाम पर नेता बन उनके हक की लड़ाई की बात करने वालों का किसानों से कितना संपर्क और संवाद है। जिन लोगों ने 2020 के अंतिम समय से कृषि कानून के विरु द्ध आंदोलन पर दृष्टि रखी उन्हें पता था कि इसके पीछे कुछ किसान संगठनों के साथ वो सारे समूह, शक्तियां, एनजीओ, थिंक टैंक, एक्टिविस्ट, बुद्धिजीवी, पत्रकार नेता सब हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी सरकार को सत्ता से हटाने चाहते हैं।

नागरिकता संशोधन कानून के विरुद्ध आरंभ शाहीन बाग धरना से आंदोलन के एक ऐसे दौर की शुरुआत हुई जो लोकतंत्र के अंदर परंपरागत अहिंसक आंदोलन के स्वरूप और आदर्शों से परे थे। कृषि कानून विरोधी आंदोलन उसका दूसरा विस्तार रूप था जिसमें 26 जनवरी, 2021 को लाल किले पर चढ़कर हंगामा करने और बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को धकिया कर घायल करने वाली घटना शामिल थी। इन सबके बावजूद किसी को करवाई का सामना नहीं करना पड़ा तथा अंततः मोदी सरकार ने कानून वापस ले लिया।


इस कारण अपनी ताकत और प्रभाव के संदर्भ में इनको गलतफहमी हुई एवं हौसला बढ़ा। दिल्ली और शाहीनबाग की तरह ही यहां भी करीब 400 दिनों तक सीमा पर प्रदर्शनकारियों ने एक बसावट ही तैयार कर लिया था। प्रतिदिन की आवश्यकताओं को लेकर लगभग ढाई किलोमीटर तक अस्थाई व्यवस्था थी जिनमें आवास से लेकर कार्यालय, शौचालय, भंडार, रसोई, लंगर सब थे। ऐसा लगता ही नहीं था कि यह प्रदर्शन या आंदोलन है।

हालांकि इसे किसान संगठनों का ही पूर्व की तरह समर्थन नहीं मिला और केवल पंजाब तथा हरियाणा के कुछ संगठनों तक सीमित था। इसे न समझ कर इन लोगों ने हठधर्मिता अपनायी तथा केंद्र सरकार के प्रस्तावों को नकारा। पंजाब ठीक उसी तरह की दुर्दशा में पहुंच रहा था जैसे घेरेबंदी के कारण दिल्ली और आसपास के उद्योग, कारोबार और रोजगार। पंजाब में पिछले 13 महीना में कारोबार को 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। व्यापारी और उद्योगपति सरकार से बॉर्डर खोलने की लगातार मांग कर रहे थे। लुधियाना पश्चिम सीट पर उपचुनाव है और यहां औद्योगिक इकाइयों में ताला पड़ा है तथा धंधा लगभग ठप है। लोगों के आवागमन पर बुरा असर है। बॉर्डर पर अवरोधकों के कारण लोगों को काफी दूरी घूम कर छोटे रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ रहा था जिससे पूरा इलाका प्रभावित था। पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री भगवंत मान इनसे मिलने गए थे तो उद्देश्य इनको आगाह करना ही था।

भगवंत मान मिलकर बाहर आए तो कहा कि मुझे पंजाब के सभी वर्गों की चिंता करनी है। इस धरने के कारण पंजाब को बहुत नुकसान हो रहा है, हमारे राज्य में निवेश नहीं आ रहा, अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है, आवागमन बाधित होने से पूरी आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है, आम लोगों को भी दिक्कतें हो रही हैं। भगवंत मान ने किसान नेताओं के सामने सारी बातें की लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। उल्टे जैसा भगवंत मान ने बताया उन्होंने कहा कि आप हमारे पास डर से ही आए हो? मुख्यमंत्री को कुछ लोग धरना देकर कहें कि सरकार हमसे डर रही है तो इससे बड़ी नासमझी का दूसरा कोई प्रमाण नहीं हो सकता। भगवंत मान ने उसी दिन कहा कि मैंने उन्हें बताया कि मैं डर से नहीं आया हूं, मैं डरने वाला नहीं हूं, मैं कोई भी कार्रवाई कर सकता हूं।

जाहिर है, वे उन्हें समझाने आए थे कि सम्मान के साथ सड़कों को खाली कर दीजिए अन्यथा लोगों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए आपको बल प्रयोग कर हटाना पड़ सकता है। किंतु 2020-21 में प्रधानमंत्री मोदी सरकार की सारी अपीलों व उच्चतम न्यायालय के अनुरोधों को नकारने तथा सरकार के विरु द्ध हर तरह की गरिमाहीन बयानबाजी के बावजूद इनके विरु द्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसका इन्होंने गलत मूल्यांकन किया कि केंद्र सरकार ने उनके डर से तीनों कृषि कानून वापस ले लिया।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह जरूर ले।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने न दें।

कर्क राशि : आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। ऑफिस के सहकर्मियों से आपका ताल मेल बना रहेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा।

सिंह राशि : आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर देर तक बात होगी, किसी समस्या का समाधान मिलेगा। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बेवजह शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनाएंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कारोबार को लेकर जो योजना चल रही थी,

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए।

धनु राशि : आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। बिजनेस को बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। आज पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की सहायता मांगेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ आपकी दोस्ती होगी, जो लंबे समय तक चलेगी। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है।

कुंभ राशि : आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। माता के आशीर्वाद से दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

मीन राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थियों का प्रोजेक्ट पूरा होगा।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए निशाना साधा और उन पर हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को त्यागने का आरोप लगाया। मीडिया से बात करते हुए शिंदे ने इसे उनका सबसे बड़ा अपराध बताया। शिंदे ने कहा कि इसका विरोध करके यूबीटी ने अपना असली चेहरा उजागर कर दिया है। यह साबित हो गया है कि उन्होंने हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को पूरी तरह त्याग दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



# पीएम मोदी ने हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात की है। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए हैं। राष्ट्रपति गेब्रियल के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें मंत्री, संसद सदस्य, व्यापार संघ और भारत-चिली सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े प्रमुख लोग शामिल हैं। राष्ट्रपति के रूप में बोरिक की यह पहली भारत यात्रा है।

राष्ट्रपति बोरिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत-चिली संबंधों के पहलुओं पर चर्चा की है। वार्ता के बाद एक वक्तव्य में मोदी ने कहा, ''आज, हमने अपनी-अपनी टीम को पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर चर्चा शुरू करने का निर्देश दिया है।'' उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लचीली आपूर्ति और मूल्य श्रृंखलाएं स्थापित करने के लिए भी काम किया जाएगा। चिली को लैटिन अमेरिका में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए मोदी ने कहा कि भारत इस देश को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में चिली के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

पीएम मोदी से पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिल्ली में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से मुलाकात की थी। इस दौरान विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से उनकी भारत की राजकीय यात्रा की शुरुआत में मुलाकात करके प्रसन्नता हुई। हमारे दीर्घकालिक सहयोग को और गहरा करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत से नई साझेदारी और अधिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रपति गेब्रियल राष्ट्रपति बोरिक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति बोरिक 5 अप्रैल को चिली लौटने से पहले आगरा, मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे। हाल के वर्षों में चिली और भारत के बीच व्यापार बढ़ा है। चिली और भारत के बीच द्विपक्षीय कारोबार वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2024 में 1545 करोड़ रुपये से बढ़ कर 3843 करोड़ रुपये हो गया है। चिली में दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम भंडार है। चिली लिथियम उत्पादन का 80 फीसद सिर्फ चीन को निर्यात करता है। भारत के साथ चिली के बढ़ते संबंधों के बाद हालात बदल भी सकते हैं। चिली के राष्ट्रपति की यह यात्रा दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ संबंधों को नए आयाम देने की भारत की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। हाल ही में पेरू के विदेश मंत्री शिलर साल्सेडो भारत दौर पर आए थे। पेरू और भारत के बीच जल्द ही मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू करने की सहमति बनी है। संभव है कि चिली के साथ भी ऐसे समझौते पर सहमति बने।

**सुप्रीम कोर्ट ने संभल मस्जिद की सफेदी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज की**

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पारित उस आदेश के खिलाफ याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुगलकालीन जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई करने को कहा गया था. यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ के समक्ष आया. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सतीश कुमार अग्रवाल के वकील बरुण सिन्हा ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दलील देते हुए कहा कि उनका मुवक्किल सफेदी के खिलाफ नहीं है.

सिन्हा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ण रोक लगा दी है और बताया कि हाईकोर्ट ने आदेश के एक पैराग्राफ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश का उल्लेख किया है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक का अभिवादन किया.



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में।

# आरबीआई ने पूरे किए 90 साल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तारीफ के बांधे पुल

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं. इसी उपलक्ष्य में मुंबई स्थित एनसीपी में भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ मनाई गई. इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा मुख्य रुप से शामिल हुए. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पिछले 90 वर्षों में भारतीय रिजर्व बैंक की उल्लेखनीय यात्रा सरकार के दृष्टिकोण, लक्ष्यों और नीतियों के अनुरूप है. हमारा देश अब धीरे-धीरे स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अभिनव है, क्योंकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी के करीब पहुंच रहा है. उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों, वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण ही यह संगठन आज इस ऊंचाई पर पहुंचा है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह संस्थान देश की आजादी का काल भी देख चुका है. इस संगठन ने वह समय भी देखा है, जब देश की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी. आज हमारा देश सबसे तेज विकास दर वाले देशों में गिना जाता है. इस संस्था ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं. उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है. राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज महज एक कागज का टुकड़ा नहीं है. इस देश में कई लोगों का जीवन इस पर निर्भर है, इसलिए यह सभी के लिए अनुकूल और सुलभ वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र है. देश के भुगतान ढांचे का निरंतर आधुनिकीकरण करके भारतीय रिजर्व बैंक ने देश को डिजिटल भुगतान के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय रूप से जीवंत फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया है. भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले कुछ वर्षों में नाबार्ड, आईडीबीआई और राष्ट्रीय आवास बैंक जैसी संस्थाओं की स्थापना करके वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया है. साथ ही इन सभी उपायों के माध्यम से कृषि, लघु व्यवसाय और आवास क्षेत्रों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई है.

**दिल्ली में अप्रैल से जून तक पड़ेगी भयंकर गर्मी, हीटवेव करेगी जीना मुहाल**

नई दिल्ली,(आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में गर्मी का सितम शुरू हो चुका है और अगले तीन महीने मुश्किल होने वाले हैं. देशभर में अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक गर्मी पड़ेगी. अप्रैल महीने की शुरुआत आज से हो चुकी है. राजधानी दिल्ली में अब दिन के समय तेज धूप की वजह से गर्मी लोगों को काफी परेशान कर रही है. मौसम विभाग के अनुसार कल सोमवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहा. यह सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री रहा, यह सामान्य से 4.3 डिग्री कम रहा. हवा में नमी का स्तर 16 से 70 प्रतिशत तक रहा. मौसम विभाग के अनुसार अगर आज एक अप्रैल को दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहेगा. आसमान साफ रहेगा.

## इसरो ने दिखाई म्यांमार में आए भूकंप के बाद की तबाही, उपग्रह तस्वीरें जारी की

नईदिल्ली (आरएनएस)। म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप ने काफी तबाही मचाई और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान ने अपनी बेहतरीन पृथ्वी इमेजिंग उपग्रह कार्टोसैट-3 का उपयोग कर इस आपदा से हुए नुकसान की उपग्रह तस्वीरें जारी की हैं।

तस्वीरों में म्यांमार के मांडले और सगाइंग शहरों में ध्वस्त इमारतों, सड़कों, ऐतिहासिक स्थलों और ब्रिज के पहले और बाद के दृश्यों को दिखाया गया है।

तस्वीरें काफी साफ दिख रही हैं।

इसरो ने कार्टोसैट-3 को 2019 में लॉन्च किया था। यह 50 सेंटीमीटर से भी कम रेज्योल्यूशन वाली तस्वीरों को साफ खींचने में माहिर है।

इसने धरती से 500 किलोमीटर की ऊंचाई से म्यांमार की तबाही की तस्वीरें ली हैं। तस्वीरें भूकंप के एक दिन बाद शनिवार को ली गई थीं, जबकि तुलना 18 मार्च की तस्वीरों के साथ किया।

तस्वीरों में इरावदी नदी पर बना विशाल अवा (इनवा) पुल, मांडले विश्वविद्यालय और अनंदा पगोडा के नुकसान को दिखाया गया है।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा, केंद्रीय मंत्री %योतिरादित्य सिंधिया और महाराष्ट्र के रा%यपाल सी. पी. राधाकृष्णन के साथ मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में शामिल हुए।

## महात्मा गांधी के परपोते की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी द्वारा साबरमती आश्रम पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए आया. पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका दायर करने में दो साल से अधिक की देरी हुई है.

बता दें कि गुजरात उच्च न्यायालय ने वर्ष 2022 में तुषार गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला दे दिया था. राज्य सरकार के इस आश्वासन के बाद कि प्रस्तावित परियोजना से साबरमती आश्रम का मुख्य क्षेत्र प्रभावित नहीं होगा, याचिका खारिज कर दी थी. जिसके दो साल बाद तुषार गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मात्र आशंका के आधार पर हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती नहीं दी जा सकती. याचिकाकर्ता ने याचिका में तर्क दिया गया कि परियोजना में कथित रूप से 40 से अधिक समरूप इमारतों की पहचान की गई है,

## भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती प्रदूषण, परिवहन क्षेत्र का प्रमुख योगदानः गडकरी

मुंबई (आरएनएस)। ठाणे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक साइकिल का शुभारंभ किया है. इसी बीच नितिन गडकरी ने जीवाश्म ईंधन से वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने पर जोर दिया है. उन्होंने कहा कि लिथियम बैटरी की लागत में कमी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमत में उल्लेखनीय कमी आएगी. जिससे वे उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो जाएंगे. बैटरी प्रौद्योगिकी में हो रही प्रगति भारत के टिकाऊ परिवहन की ओर कदम बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता एक आर्थिक बोझ है, क्योंकि ईंधन आयात पर प्रतिवर्ष 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं. यह पर्यावरणीय खतरा भी है. जिससे देश की प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना महत्वपूर्ण हो जाता है. उन्होंने कहा कि भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र की तीव्र वृद्धि ने 2014 के बाद से जापान को पीछे छोड़ दिया है और यह विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बन गया है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि साल 2030 तक भारत ईवी उत्पादन में विश्व में अग्रणी हो जाएगा, जिसका वैश्विक ऑटो बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा. उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक किफायती बनाने और उन्हें पारंपरिक ईंधन चालित वाहनों के मूल्य समतुल्य बनाने के लिए लिथियम-आयन बैटरी की कीमतों में तीव्र गिरावट (अब 100 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोवाट घंटा) को श्रेय दिया. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कुछ साल पहले लिथियम की कीमत 150 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोवाट थी, जो अब घटकर लगभग 100 अमेरिकी डॉलर हो गई है. जब इसमें और कमी आएगी,

## अजमेर के ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री से नाइट्रोजन गैस का रिसाव, मालिक की मौत

अजमेर (आरएनएस)। राजस्थान के अजमेर जिले में सोमवार रात बड़ा हादसा हो गया। यहां के ब्यावर इलाके में स्थित तेजाब बनाने वाली फैक्ट्री में नाइट्रोजन गैस के लीक होने से 1 की मौत हो गई, जबकि 40 लोग बीमार हो गए।

घटना बलाड रोड पर सुनील ट्रेडिंग कंपनी केमिकल फैक्ट्री में हुई है। मृतक की पहचान फैक्ट्री के मालिक सुनील कुमार सिंघल के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री के टैंकर में 27 टन नाइट्रोजन गैस थी, जिसमें से 18 टन को खाली किया जा चुका था और 7 टन गैस को खाली करना था।

इसी दौरान किसी ने टैंकर का ढक्कर खोल दिया, जिससे गैस लीक होने लगी और हवा में घुल गई। गैस के सीधे चपेट में आने से मालिक की मौत हुई। उन्होंने अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में दम तोड़ा।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव.



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया नई दिल्ली में ईपीएफओ की मल्टी बैंकिंग सेंट्रलाइ%ड कलेक्शन सिस्टम के विस्तार की घोषणा के दौरान अन्य प्रतिनिधियों के साथ.

## दिल्ली दंगे 2020ः कोर्ट ने कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की एक कोर्ट ने 2020 में हुए दंगों के मामले में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह आदेश उनकी कथित भूमिका की जांच के लिए दिए हैं।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने संज्ञेय अपराध के प्रथम दृष्टया साक्ष्य को देखते हुए जांच की आवश्यकता बताई।

न्यायाधीश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मिश्रा अपराध के समय इलाके में थे...आगे की जांच की आवश्यकता है।

न्यायाधीश चौरसिया यमुना विहार में रहने वाले मोहम्मद इलियास की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

बता दें कि इससे पहले मार्च में दिल्ली पुलिस ने मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग का विरोध किया था।

पुलिस ने कहा था कि मिश्रा को मामले में फंसाया जा रहा है, जबकि 2020 में हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। कपिल का 23 फरवरी, 2020 को ट्विटर पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें वे मौजपुर ट्रैफिक सिग्नल के पास भाषण देते दिख रहे हैं। मिश्रा ने डीसीपी (उत्तर-पूर्व) के पास खड़े होकर जाफराबाद में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध करने वाली महिलाओं पर निशाना साधा था।

उन्होंने पुलिस को 3 में सड़कें खाली कराने का अल्टीमेटम दिया था और कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें खुद सड़कों पर उतरना पड़ेगा और कोई उन्हें रोक नहीं पाएगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में सीएए को लेकर 24 से 26 फरवरी, 2020 के बीच लगातार 3 दिन दंगे हुए थे। इनमें 53 लोगों की मौत हुई थी, जबकि लगभग 500 घायल हुए थे।

मरने वालों में दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल रतनलाल भी शामिल थे।

इस दौरान संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ था और दंगाइयों ने घरों, दुकानों और वाहनों समेत जो भी आगे आया, उसमें आग लगा दी। एक पेट्रोल पंप को भी आग लगाई थी।

कपिल मिश्रा ने भाजपा के टिकट पर करावल नगर सीट से 2025 का दिल्ली विधानसभा चुनाव जीता है। वे 2015 में आम आदमी पार्टी (आप) के टिकट पर यहां से विधायक थे। आप सरकार में मिश्रा को जल विभाग दिया गया था, लेकिन अनियमितता का आरोप लगने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया।



1968 में भारत ने बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और देश के बेहतरीन क्रिकेट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के बीच एक परीकथा जैसा रोमांस देखा। उनका मिलन सिर्फ शादी से कहीं बढ़कर था, यह भारत के दो सबसे बड़े जुनून, सिनेमा और क्रिकेट का संगम था। जहाँ 'टाइगर' पटौदी की विरासत का जश्न लंबे समय से मनाया जा रहा है, वहीं हाल ही में आई खबरों से पता चलता है कि उनके नाम पर लगी ट्रॉफी को रिटायर कर दिया जाएगा और इससे उनके प्रशंसक निराश हैं।

# नेपाल की खूबसूरत हसीना अदिति बुधाथोकी पर चढ़ा हॉटनेस का खुमार, कातिल अदाओं ने फैंस का खींचा अटेंशन



बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी हमेशा अपने लेटेस्ट ग्लैमरस और हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में अदिति ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में वो एथनिक लुक में कहर बरपा रही हैं।

एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी नेपाल की मशहूर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनका किलर लुक इंटरनेट पर आते ही अक्सर तबाही मचाती मचाता रहता है।

अदिति बुधाथोकी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर साझा की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

अदिति ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनका यह लुक इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है।

कानों में झुमके, बालों को कर्ली लुक में ओपन कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने कातिल निगाहों से पोज देती हुई सोशल मीडिया पर खंजर चलाती हुई नजर आ रही हैं।

### जुनैद खान की फिल्म लवयापा अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार, 4 अप्रैल को जियो हॉटस्टार पर होगी रिलीज

आमिर खान के बेटे जुनैद खान और जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर की फिल्म लवयापा को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। यह बड़े पर्दे पर दोनों की पहली फिल्म थी। इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।

अब लवयापा अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। आइए बताते हैं आप यह फिल्म ओटीटी पर कब और कहां देख पाएंगे।

लवयापा का प्रीमियर 4 अप्रैल, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर होने जा रहा है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ह्ल्ञ्ञ पर देख सकते हैं।

# सीमाओं से आगे निकलकर चुनौती भरी भूमिका निभाना करता है उत्साहित : हेली शाह



हाल ही में रिलीज हुई सीरीज ज्यादा मत उड़ में अभिनय कर रहीं लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री हेली शाह का कहना है कि अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने वाली भूमिकाओं के साथ खुद को चुनौती देना उन्हें और अधिक उत्साहित करता है।

ड्रामा और कॉमेडी का एक बेहतरीन मिश्रण ज्यादा मत उड़ चुनौतियों से भरी दुनिया में अपना रास्ता खुद बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के संघर्ष और आकांक्षाओं के इर्द-गिर्द घूमती है।

उन्होंने बताया, एक साथ कई कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट का हिस्सा होना मेरे लिए कभी चिंता का विषय नहीं रहा, क्योंकि मुझे अपने काम पर भरोसा है। मुझे सबसे ज्यादा रोमांचित करता है खुद को ऐसे किरदारों से चुनौती देना जो एक अभिनेता के तौर पर मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं।

शो में हेली ने काजल की भूमिका निभाई है, जो एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिला है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से पीछे हटने से इनकार करती है।

अपने पहले निभाए गए पारंपरिक किरदारों से अलग, काजल बोल्ड, मुखर और हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहती हैं।

उन्होंने कहा, 'ज्यादा मत उड़' में काजल की भूमिका निभाना मेरे लिए एक नया अनुभव रहा है, क्योंकि वह बोल्ड, निडर और सामाजिक मानदंडों से बंधे रहने से इनकार करती है। वह अपने मन की सुनती है, अपने लिए खड़ी होती है और मेरे द्वारा पहले निभाई गई भूमिकाओं की तुलना में एक अलग ऊर्जा लेकर आती है। यह रोमांचक और फायदेमंद दोनों रहा है।

हेली ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 8वीं कक्षा में शो 'गुलाल' से की थी। इसके बाद वह 2011 के शो दीया और बाती हम में नजर आईं।

## सरदार 2 से कार्थी की पहली झलक जारी, देश को बड़े खतरे से बचाने निकले अभिनेता

साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है। जिसके बाद सेना दरवाजे को तोड़ने का प्रयास करने लगती है। वहीं दरवाजे के अंदर तलवारों से युद्ध चल रहा है। जिसमें एक तलवार पर सबसे पहले कार्ति की झलक दिखती है। उसके बाद कार्ति दरवाजे के अंदर तलवार लेकर एक्शन करते नजर आते हैं। काफी एक्शन के बाद एक व्यक्ति कार्ति से पूछता है तुम कौन शैतान हो और मुझसे क्या चाहते हो? इसके बाद वो व्यक्ति कार्ति के ऊपर हमला करता है, लेकिन वो उससे बच जाते हैं। इसके बाद कार्ति का पूरा लुक सामने आता है और वो व्यक्ति कार्ति को देखकर कहता है सरदार।

बाद में वो व्यक्ति सरदार से कहता है कि तुम्हारे देश की ओर एक बड़ी प्रलय आ रही है। जिसे कोई नहीं रोक पाया है। पूरी दुनिया की खुफिया एजेंसियां उसके पीछे पड़ी हैं। ब्लैक डैगर आ रहा है। इसके साथ ही एसजे सूर्या के किरदार की दमदार तरीके से एंट्री होती है। वहीं सरदार उस व्यक्ति से कहता है कि हमारे देश में एक कहावत है कि 'जब युद्ध हम पर हावी होता है, हम जीवन की परवाह नहीं करते।' इसके बाद कार्ति उस व्यक्ति को मार देता है। फिल्म में एसजे सूर्या खूंखार विलेन ब्लैक डैगर के किरदार में हैं। इस वीडियो से ये पता चलता है कि फिल्म की कहानी जासूस सरदार के ब्लैक डैगर को हराने और देश को बचाने के मिशन के इर्द-गिर्द घूमेगी।

## एल2: एम्पुरान बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 4: ममूटी की ब्रह्मयुगम को पछाड़ 50 करोड़ी क्लब में शामिल हुई मोहनलाल की फिल्म

मोहनलाल-पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एल2: एम्पुरान बॉक्स ऑफिस पर सक्सेसफुल रन कर रही है. रिलीज के चौथे दिन मोहनलाल की फिल्म को सलमान खान की नई फिल्म सिकंदर का सामना करना पड़ा. इसके बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की और 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही.

पृथ्वीराज सुकुमारन की 2019 की पहली निर्देशित लूसिफर की अगली कड़ी को मलयालम सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म माना जा रहा है. सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने 21 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर एंट्री की. वहीं, दूसरे और तीसरे दिन इसने क्रमश: 11.1 करोड़ रुपये और 13.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. सैकनिल्क के ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सिंकदर से टकराव मिलने के बावजूद, मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म ने रविवार, 30 मार्च को बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी और डबल डिजिट में कमाई करने में सफल रही. एल2: एम्पुरान ने रिलीज के चौथे दिन 14 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. इसी के साथ एल2: एम्पुरान सफलतापूर्वक 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. इन 4 दिनों में एल2: एम्पुरान का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 59.35 करोड़ रुपये हो गए हैं. वहीं, फिल्म ने 48 घंटे से भी कम समय में दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया था.

59.35 करोड़ रुपये की कमाई के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन निर्देशित फिल्म एल2: एम्पुरान ने ममूटी की फिल्म ब्रह्मयुगम और कल्याणी प्रियदर्शन की हृदयम के लाइफटाइम वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है. पिछले साल 15 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई ब्रह्मयुगम ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 55.2 करोड़ रुपये कलेक्शन किया था. वहीं, कल्याणी प्रियदर्शन की हृदयम ने 55.5 करोड़ रुपये का लाइफटाइम वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था.

शानदार सफलता के बीच एल2: एम्पुरान अपने कुछ सीन को लेकर विवादों में आ गई है, जो गुजरात के दंगों से संबंधित हैं. विवाद को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म में 17 कट लगाने का फैसला किया है, साथ ही कुछ डायलॉग को म्यूट कर दिया है. यह फैसला कुछ सांप्रदायिक संगठनों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद लिया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एल2: एम्पुरान उनके धर्म को नकारात्मक तरीके से पेश करता है. संशोधन के बाद, फिल्म सीबीएफसी द्वारा सेंसरशिप के अप्रूवल से गुजरेगा. रिपोर्ट के मुताबिक, अगले सप्ताह से इसकी स्क्रीनिंग शुरू हो सकती है.

वहीं, मोहनलाल ने 30 मार्च को अपने ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट पर एल2 एम्पुरान को लेकर एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा, मैं जानता हूं कि लूसिफेर फ्रैंचाइज के दूसरे पार्ट एम्पुरान के निर्माण में जो कुछ राजनीतिक और सामाजिक विषय शामिल किए गए हैं, उनसे मेरे कई चाहने वालों को काफी तकलीफ हुई है.

### सिकंदर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 1: पहले दिन कमाए 26 करोड़ रुपये, छावा को पछाड़ने में रही नाकाम

पिछले काफी समय से अभिनेता सलमान खान फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म ईद के मौके पर यानी 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है।

फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की बढ़िया प्रतिक्रिया मिली, वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देते ही इसने तहलका मचा दिया है। हालांकि, यह पहले दिन विक्की कौशल की छावा को नहीं पछाड़ पाई।

आइए जानें सिकंदर ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिकंदर ने पहले दिन 26 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। बता दें कि छावा ने पहले दिन 31 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है।

# सेतुबंधासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से मिल सकते हैं ये फायदे



सेतुबंधासन एक ऐसा योगासन है, जिसे नियमित रूप से करने से शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं। यह आसन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

इस लेख में हम आपको सेतुबंधासन के बारे में विस्तार से बताएंगे, जिससे आप इसे सही तरीके से कर सकें और इसके सभी लाभ प्राप्त कर सकें।

आइए इसके बारे में जानते हैं।

सेतुबंधासन कैसे करें?

सेतुबंधासन करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेटें।

अब अपने पैरों को घुटनों से मोड़ें और दोनों हाथों को एड़ियों के करीब लाने की कोशिश करें।

इसके बाद अपने कूल्हे और पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं।

इस मुद्रा में कुछ सेकंड तक बने रहें और सामान्य गति से सांस लेते रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं।

रीढ़ की हड्डी पर होता है अच्छा असर

सेतुबंधासन रीढ़ की हड्डी के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे नियमित रूप से करने से रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है और पीठ दर्द से राहत मिलती है।

इस योगासन से पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे पीठ की मजबूती बढ़ती है।

इसके अलावा यह आसन रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को भी बढ़ाता है, जिससे आप अधिक आरामदायक महसूस करते हैं और आपकी मुद्रा सुधारती है।

पाचन तंत्र को मिल सकता है बढ़ावा

सेतुबंधासन पाचन तंत्र के लिए भी बहुत अच्छा होता है। इसे करने से पेट की अंदरूनी मालिश होती है, जिससे पाचन क्रिया सुधरती है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

इसके अलावा यह आसन पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है, जिससे पेट का आकार सही बना रहता है।

नियमित रूप से इस योगासन को करने से आप ताजगी महसूस करते हैं और आपका पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है।

मानसिक शांति प्राप्त करने में है सहायक

सेतुबंधासन मानसिक शांति प्रदान करने में भी मददगार होता है।

इसे करते समय गहरी सांस लेना और ध्यान केंद्रित करना आपके मन को शांत करता है और तनाव कम करता है।

इस योगासन से आप अधिक संतुलित और स्थिर महसूस करते हैं, जिससे आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होती है।

नियमित रूप से सेतुबंधासन करने से आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं और आपकी मानसिक क्षमता भी बढ़ती है।

शरीर का संतुलन बनाए रखने में है कारगर

सेतुबंधासन शरीर का संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है।

इसे करते समय शरीर का पूरा भार सिर और कूल्हों पर डालना पड़ता है, जिससे हाथ-पैरों का संतुलन बेहतर होता है।

इस योगासन से आप अपनी शारीरिक क्षमता को पहचान सकते हैं और धीरे-धीरे इसे सुधार सकते हैं।

# रोजाना सुबह कुछ मिनट थपथपाएं अपने अंडर आर्म्स, मिलेंगे ये 4 स्वास्थ्य लाभ



सुबह उठकर लोग कई स्वस्थ आदतों का पालन करते हैं, जिनमें दांत साफ करना और योग करना शामिल होता है। इन दिनों ऐसी ही एक आदत चर्चा में है, जिसे रोजाना सुबह करने से सेहतमंद रहने में मदद मिल सकती है।

इसमें सुबह उठने के बाद कुछ मिनट तक अपने अंडर आर्म्स को थपथपाना शामिल होता है। आइए जानते हैं की इसे अपनाने से आपको क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। इस तरह से थपथपाएं अपने अंडर आर्म्स अंडर आर्म्स को थपथपाना बेहद आसान होता है और इसमें चंद मिनट ही लगते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने हाथ को ऊपर उठाएं और उंगलियों को अंडर आर्म पर धीरे-धीरे फेरें। इस दौरान गहरी सांसें लेते रहें और करीब 5 मिनट तक इसे दोहराएं। इसी तरह दूसरे हाथ के अंडर आर्म को भी थपथपाएं।आप चाहें तो इसे करते समय अपने अंडर आर्म्स पर किसी प्रकार का तेल भी लगा सकते हैं।

लसीका तंत्र में भरा तरल निकलता है

हमारे अंडर आर्म्स लिम्फ नोड्स से भरे होते हैं, जो विषाक्त पदार्थों से छुटकारा पाने के लिए जरूरी होते हैं। जब आप अंडर आर्म्स को थपथपाते हैं तो लसीका तंत्र सक्रिय हो जाता है।

इससे शरीर बेहतर तरीके से डिटॉक्स हो जाता है और लसिका तंत्र में भरा तरल पदार्थ भी बाहर निकल जाता है।

इससे तरल का निर्माण भी कम हो सकता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती भी मिल सकती है।

हार्मोनल असंतुलन ठीक होता है

अंडर आर्म्स एंडोक्राइन सिस्टम यानि अंत:स्रावी तंत्र से जुड़े होते हैं। यह तंत्र हार्मोन को नियंत्रित रखने के लिए जिम्मेदार होता है। अंडर आर्म्स को थपथपाने से यह तंत्र उत्तेजित हो जाता है, जिससे हार्मोन को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। इसका असर खास तौर से तनाव और चयापचय से संबंधित हार्मोन पर नजर आता है। इस आदत को अपनाने से आपका मूड बेहतर हो सकता है और संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन हो सकता है।

स्वस्थ बनती है त्वचा

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि अंडर आर्म्स को थपथपाने से त्वचा की देखभाल में भी मदद मिल सकती है। इस आदत के जरिए रक्त प्रवाह बेहतर हो जाता है, जो त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है। इससे त्वचा की कोशिकाओं को पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषण मिलते हैं और वह निखरी बनी रहती है। साथ ही, इससे शरीर में होने वाली जलन और दुर्गंध से भी छुटकारा मिल जाता है।

ऊर्जा में होती है बढ़ोतरी

चीन के लोग अंडर आर्म्स को थपथपाने की आदत का नियमित रूप से पालन करते हैं। चीनी चिकित्सा के अनुसार, यह अंग शरीर के ऊर्जा मार्गों से जुड़ा होता है। इसे थपथपाने से रक्त प्रवाह बेहतर होता है और ऊर्जा भी बढ़नी शुरू हो जाती है। अगर आप रोजाना करीब 10 मिनट का समय निकालकर अंडर आर्म्स को थपथपा लेंगे तो आप पुरे दिन ऊर्जावान और सक्रीय महसूस करेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -005


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 004 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | ई | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ड़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरगी में रात्रि सतीष यादव उम्र 30 वर्ष निवासी फारेस्ट आफिस के सामने बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर वायडिंग का काम करता है वह एवं रूपेश साहू के साथ मिश्रा डेयरी के सामने रोड पर खड़े थे तभी बरगी में नवीन विश्वकर्मा के घर आने जाने वाले जबलपुर निवासी अफसर उर्फसमीर खान अपने 2 साथी आदिल एवं सोनू खान के साथ स्कूटी में आया और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे,





# प्रत्येक प्राणी में ईश्वर का वास की दृष्टि रखने से आयेगी समाज में समरसता

**भगवान झूलेलाल एवं निषादराज जी की जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन ने किया विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन**





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान झूलेलाल एवं निषादराज जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन पूज्य संत स्वामी अशोकानंद जी महाराज के सानिध्य, मुख्य अतिथि ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन श्री सौरभ बड़ेरिया विशिष्ठ अतिथि पॉलिटेक्निक कॉलेज की व्याख्याता डॉ राखी ठाकुर, सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष श्री करतार सिंह बठीजा, संगठन अध्यक्ष श्री संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी की उपस्थिति में महेश भवन, गोपालबाग दमोहनाका के पास किया गया।

पूज्य स्वामी अशोकानंद जी ने विचार गोष्ठी में आशीर्वचन देते हुए कहा समरसता जो शब्द है यह हमारे वेदों का शब्द है। वर्तमान में हमे समरसता की आवश्यकता पड़ रही है और इसीलिए आवश्कता पड़ रही है क्योंकि हम अपनी संस्कृति, संस्कार परंपरा और परमात्मा को विसरा चुके है और इसीलिए हम आज साथ होते हुए भी दूर हो रहे हैं। आज हमने सरलता खो दी, सहजता खो दी है, हमारे परिवारों में भी टूट हो रही है, समाज में भेदभाव हो रहा है इस स्थिति को रोकने के लिए हमे अपने वेदों, शास्त्रों को पढ़ना होगा, समझना होगा, गुरुओं का सत्संग करना होगा, आध्यात्म की ओर जाना होगा तब हम समरस समाज की स्थापना कर पाएंगे।

पूज्य स्वामी जी ने कहा हमे अपने देखने का तरीका बदलना होगा जब हम प्रत्येक प्राणी में ईश्वर का रूप देखेंगे तो फिर भेदभाव तो होगा ही नही और स्वयमेव ही सभी में समरसता आ जायेगी और हमारे यह कार्यक्रम सार्थक हो जाएंगे। मुख्य वक्ता श्री सौरभ बड़ेरिया ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कलयुग के पूर्व किसी भी युग में भेदभाव नहीं होता था यह भेदभाव कहां से और क्यों आया इसको जानेंगे तो पाएंगे कि भेदभाव पहले नही था हमारे बुजुर्गो ने तो कार्य के आधार पर वर्ण व्यवस्था की थी और जो जिस कार्य में पारंगत था उसके पीढ़ी उसे सीख कर आगे बढ़ाती गई पर इससे जाति समाज को भेद हो गया और आज इस भेद को मिटाने के लिए समरसता सेवा संगठन जैसा संगठन आज जो कार्य कर रहा है यह देव कार्य है और उनका साथ देने के लिए हमे भी अपने अपने स्तर पर कार्य करना होगा और इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं सिर्फ अपने दैनिक कार्यों में अपने बीच के लोगो के साथ समरसता के भाव को प्रकट करना है। विशिष्ठ अतिथि डॉ राखी ठाकुर ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा जिनके विचारो में कोई भेद न हो उन्हे समरस कहते है और समरसता सेवा संगठन का गठन ही सभी को एक जुट करने और हमारे संतो के विचारो को सभी के बीच ले जाने के लिए ही किया गया यह कार्य अनुकरणीय और प्रसंशनीय है इसके लिए संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन के साथ संगठन के सभी सदस्य बधाई की पात्र है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कार्यक्रम की प्रस्तावना के साथ स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा समरसता हमारी संस्कृति और परंपरा में रही है किंतु कालांतर में लोगो को जाति समाज के भेद करके बांट दिया गया और हमारे ऐसे संत महात्मा, देवियों जिन्होंने सर्व समाज के मंगल के लिए विचार और भाव से कार्य किया परंतु हमने उन्हें जाति समाज में बांध दिया और अपने अपने जाति के आराध्य बना दिए, इसीलिए हमने मिलकर तय किया कि हमारे इन आराध्य को सब जाने और सब माने इस भाव के साथ समरस भारत से समर्थ भारत के निर्माण में योगदान देने हेतु दो वर्ष पूर्व समरसता सेवा संगठन का गठन किया और आप सभी के सहयोग और सहभागिता से इन दो वर्षो में 65 संगोष्ठीयां कजलियां महोत्सव, होली महोत्सव जैसे बड़े आयोजन किए गए। इसी क्रम में आज भगवान झूलेलाल और निषादराज गुहा की जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

संगठन वक्ता के रूप आलोक पाठक ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन धीरज अग्रवाल एवं आभार सचिव उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया।

सम्मान :- कार्यक्रम के दूसरे चरण में तारु खत्री, डॉ एमएल केवट, गोपीचंद खत्री, महेश टेकचंदानी, मोहन कश्यप, उषा टेकचंदानी, आरडी रैकवार, विजय रोहाणी, जगदीश बर्मन, भरत मंगलानी, सोनू बचवानी, खुशबू टेकचंदानी, राजेश सोंधिया, रूपेश खत्री, रवि गंगवानी, मुस्कान तेजवानी, कैलाश कश्यप, महिमा बुधरानी, प्रिया सोंधिया, जयकुमार किशन रैकवार, तुषार दुलानी, सुजीत सोधिया, कविता मेघवानी, गणेश सोंधिया, विकास मोटवानी, नाथूलाल सोंधिया, विक्रम जोधानी, का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर शरदभाई पालन, कुसुम चौबे, तारु खत्री, विजय रोहाणी, , सुरेश भागचंदानी, मोहन कश्यप, रमेश सोंधियां, मथुरा चौबे, सुशील चौबे, सोनू बचवानी, आभा साहू, ऋतु चौरसिया, नरेंद्र साहू, चंद्रशेखर शर्मा, निर्मल पटेल, सुरेश पांडे, मनीष यादव, प्रवीण चांवडा, प्रवीण डोंगरे, उपस्थित थे।

**शहर की मलिन बस्तियों में भी सफाई कार्य के लिए रूट प्लान बनाकर सफाई कराने स्वास्थ्य अमले को निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश**

# शहर के सभी वार्डो में उत्तम सफाई व्यवस्था रखने और नाला-नालियों की भी नियमित रूप से सफाई करने निगमायुक्त के निर्देश

**निगमायुक्त के निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त स्वास्थ्य और स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य अमले के साथ की बैठक**



जबलपुर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 का कार्य अभी लगातार जारी है। गर्मी के दिनों में साफ-सफाई की व्यवस्था उत्तम रखने की आवश्यकता के साथ-साथ नाला-नालियों की भी नियमित रूप से सफाई और मलिन बस्तियों में रूट प्लान तैयार कर बेहतर सफाई के साथ-साथ कीटनाशक दवाईयों का भी छिड़काव करने और सफाई व्यवस्था में किसी भी स्तर पर कोताही न करने की हिदायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने दिये। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल ने सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों, मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों, स्वच्छता निरीक्षकों की बैठक बुलाई और सभी को निगमायुक्त के निर्देशों का जमीनी धरातल पर अक्षरशः उतारने और पालन करने के निर्देश दिये।

बैठक के संबंध में उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के समस्त वार्डो में उत्तम सफ़ाई व्यवस्था रखना नलियों की साफ़ सफ़ाई और मलिन बस्तियों में लगातार साप्ताहिक सफ़ाई कार्य का रूट प्लान बनाए जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त सीएआई को इसकी लागातार मॉनिटरिंग करने के दिशा निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही समस्त सीएसआई को नवरात्रि को मध्य नज़र तांजम हुए समस्त मंदिरों में सुबह जल्दी सफ़ाई कार्य करवाकर चुना लाइन और दावा छिड़काव के निर्देश जारी किए गये स्वास्थ्य अधिकारी महोदय द्वारा समस्त एसआई को डोर टू दूर कार्य की लगातार गंभीरता से मॉनिटरिंग कार्य करवाया जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री जयसवाल द्वारा आगामी बरसात में नाला नलियों की सफ़ाई की स्थिति पर भी चर्चा की गई और सभी सीएसई एसआई को जोन अंतर्गत प्रतीक वार्ड से 5 लेबर निकलकर नलियों की सफ़ाई और मिनी हिताची का रोटर बनाकर मिनी साइज की नलियों की सफ़ाई कार्य के निर्देश जारी किए गए साथ ही रात्रि क़ालीन सीएसआई इंद्र कुमार तामिया को भी रात्रि क़ालीन में में सफ़ाई कार्य करवाने कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिये गये। बैठक में समस्त सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी अर्जुन यादव, पोलराओ, धर्मेंद्र राज और समस्त सीएआई उपस्थित रहे।

# माँ श्री शारदा आशीष दरबार में महाअष्टोमी का सार्वजनिक हवन

**39वां चैत्र नवरात्र महापर्व**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मां जगत जननी की आराधना के नौ दिनों का महापर्व चैत्र नवरात्रि 30 मार्च 2025 रविवार से शुरू हो चुका है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्ति नगर प्रांगण में माता जी के आराधक श्री आशीष भैया जी के मार्गदर्शन में विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं । सभी भक्तों के लिए दिन शनिवार 5 अप्रैल को महाअष्ठमी हवन प्रातः 10:00 बजे से दोप. 2 बजे तक सभी श्रद्धालुजन से आग्रह है कि हवन में शामिल होने के लिए सभी कृपया आधा घंटा पूर्व दोपहर 1:30 बजे तक उपस्थित हो सकें ।

समय का विशेष ध्यान रखें। शारदा दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष- मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष- मिलन मुखर्जी, सचिव- जयंत, क्षीरसागर, संजय बारहा,पंडित-सुबोध मिश्रा, सरबजीत सिंह तग्गड, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा, तरनप्रीत सिंह आहलूवालिया, शुभम विश्वकर्मा ,अमनदीप, जे.बी. राय,कौशलेंद्र महाजन राजीब-आशीष दनायक, संतोष मिश्रा,राजेश उपाध्याय, विवेक त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, सुधांशु उपाध्याय, रवी गुर्जर,श्री एच.डी चौधरी, मनीष विश्वकर्मा, बी.एल नामदेव,श्रीमती मनजीत कौर तग्गड, श्रीमती शीला मिश्रा, श्रीमती ज्योत्सना मुखर्जी, श्रीमती ममता बारहा, सिमरन कौर तग्गड, श्रीमती कमलेश बेरी, श्रीमती कल्पना महाजन,सीमा मिश्रा, मोनी पांडे,टीना धौंडियाल, शीला कुशवाहा आदि ने सभी भक्तों से माँ शारदा जी के दर्शन कर एवं कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# अद्भुत था रानी दुर्गावती का जल प्रबंधन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रजा को अपने पुत्रों की तरह मानने बाली महारानी दुर्गावती ने जबलपुर की जल समस्या के निदान हेतु 52 ताल तलैयों का निर्माण इस तरह से कराया था कि वर्षा का जल एक तालाब के भरने के बाद दूसरे और दूसरे के भरने के क्रमशः तीसरे ,चौथे,पांचवे और छठवें तालाब में संग्रहित होता था। इनकी जल प्रबंधन प्रणाली अद्भुत थी। उक्त तथ्य इतिहासकार राजकुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक रानी दुर्गावती की विकास योजना और स्रोतकृष्ट जल प्रबंधन में विस्तार से वर्णित हैं। जिसका विमोचन रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका में विधायक डॉ.अभिलाष पांडे,पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे वेद प्रकाश शर्मा व डॉ . एच. एस. मरकाम द्वारा किया गया। जनजाति जन कल्याण संस्था द्वारा आयोजित विमोचन समारोह में संस्थाध्यक्ष वंदना टेकाम,शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी, समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा,राजश्री मरावी,रजनी बट्टी,वैद्य गणेश विश्वकर्मा, डॉ.एच. पी.तिवारी, जीवेश पांडे, डॉ.अभिषेक दुबे,रेखा सिंह,मालती चौधरी व सारिका मरावी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा लेखक राजकुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया।

**मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश**

जबलपुर - थाना हनुमानताल में जहांगीर उम्र 27 वर्ष निवासी मंडी मदार टेकरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कबाड़ का काम करता है उसके बड़े भाई मो. अख्तर जो जानवर लाने ले जाने का काम करते हैं दिनांक 1-4-25 को रात लगभग 8 बजे उसके भाई के जानवर सलाटर हाउस में आये हुये थे उसी गाड़ी में उवैश कुरैशी एवं शहजादे के भी जानवर लाये थे गाड़ी से जानवर उतारते समय उवैश की एक भैंस मरी निकली तो उवैश कुरैशी एवं उवैश का भाई शहजादे दोनों उससे मरी भैंस के 15 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों उसके भाई मो. अख्तर के साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे वह बीच बचाव करने लगा तो शहजादे ने चाकू से हमलाकर वायें हाथ की कलाई में चोट पहुँचा दी एवं दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## सेन्ट पीटर एंड पॉल महागिरिजा घर सदर मैं त्रिदिवसीय आध्यात्मिक साधना

जबलपुर सदर स्थित महागिरिजा सेन्ट पीटर एंड पॉल मैं एक त्रिदिवसीय आध्यात्मिक साधना एवेंम प्राथना का आयोजन 4 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक आयोजित किया गया है, इस साधना को प्रवचनकर्ता श्रद्धय फादर आनंद एवेंम टीम संचालनआत्मदर्शन टी वी इंदौर के द्वारा किया जाएगा.. पल्ली पुरोहित डॉ फादर डेविस जॉर्जे सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम, पल्ली सचिव फेलेक्स बरला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, रेशलू पीटर, जूसिया, संजय जेवियर, राजा बर्नार्ड, क्रिस्टोफ़र नरोन्हा, डोमिनिक,आदी ने सभी भक्तों से अधिक से संख्या मै इस आध्यत्मिक साधना मैं उपस्थिति की अपील किया है..

# ग्रीष्मऋतु के दौरान नागरिकों को न हो जल संकट की कोई समस्या - निगमायुक्त प्रीति यादव

**अभी से ही सभी 79 वार्डों में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की भरपूर आपूर्ति हो, के संबंध में जल विभाग के अधिकारियों को तैयारी करने निगमायुक्त ने दिये निर्देश**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अभी से ही चिंता करते हुए आज जल विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और निर्देशित किया कि अभी से ही सभी अधिकारी कर्मचारी गर्मी के दिनों में शहर के नागरिकों को दोनो समय स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो और कहीं भी जल संकट की समस्या न हो अभी से ही तैयारी शुरू करें।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जल विभाग के अधिकारियों को बैठक के दौरान निर्देशित किया कि नगर निगम के 79 वार्डो में नागरिकों को पेयजल संबंधी कठिनाई न हो इसकी चिंता सभी जल विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय से लेकर संभाग के अधिकारी करें। इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न करने की हिदायत भी निगमायुक्त द्वारा दी गयी। बैठक में जल यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री संदीप जायसवाल के साथ सभी संभागीय यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

बैठक में निगमायुक्त के द्वारा यह भी निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराई जाती है उन क्षेत्रों में भी पर्याप्त मात्रा में नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति हो इस बात की भी चिन्ता जल विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी करें। निगमायुक्त ने सभी जलशोधन संयंत्रों, के अलावा पेयजल आपूर्ति के अन्य स्त्रोंतों को भी समय के पूर्व पूर्ण रूप से दुरूस्त कराने तथा उचित रखरखाव करने के निर्देश दिये गए।

# फिजिक्सवाला ( पीडब्लू ) ने जबलपुर में पहला टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर शुरू कर मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एजुकेशन कंपनी, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है और जबलपुर में अपने पहले टेक-इनेबल्ड पीडब्लू विद्यापीठ सेंटर का उद्घाटन किया है, जो एमएलबी स्कूल रोड में स्थित है। उद्घाटन समारोह में डीआईजी रजनीश कुमार त्रिपाठी भी शामिल हुए। विद्यापीठ सेंटर में टेक-इनेबल्ड कक्षाएं है, जो एक अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करता है। पीडब्लू के मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी कई केंद्र हैं। नया पीडब्लू विद्यापीठ 1620, नेपियर टाउन, आदित्य अस्पताल के सामने, एमएलबी स्कूल रोड, जबलपुर-482001 में स्थित है। पीडब्लू विद्यापीठ टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन केंद्र हैं, जहां छात्र अनुभवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने वाले इन-पर्सन कक्षाओं में भाग लेते हैं। ये केंद्र छ्ष्श्वश्व, ह्श्वश्वञ्ज और फाउंडेशन के लिए एक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और साथ ही शैक्षणिक परीक्षाओं जैसे ओलंपियाड पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। इन केंद्रों में छात्रों के लिए रिकॉर्डेड लेक्चर, ह्ष्टश्वक्रञ्ज सामग्री में सहायता, ऑफलाइन डाउट-सॉल्विंग, डेली प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स (ष्ठक्कक्क्ष), विशेष मॉड्यूल, एक्टिविटी-बेस्ड लर्निंग, पिछले वर्षों के प्रश्न (क्कङ्घत्तह्य), और क्कङ्घ-द्रङ्कस् जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसके अलावा, केंद्रों में स्टूडेंट सक्सेस टीम (स्स्ञ्ज) के लिए एक समर्पित डेस्क और माता-पिता एवं शिक्षकों के लिए एक डैशबोर्ड सिस्टम भी है, जो छात्रों की प्रगति पर अपडेट प्रदान करता है। अंकित गुप्ता, सीईओ ऑफलाइन, फिजिक्सवाला (पीडब्लू), ने कहा, पीडब्लू में, हम छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के नए तरीके खोजने का प्रयास करते हैं। हमारा मानना है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की तलाश में अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह उनके लिए भावनात्मक और आर्थिक रूप से कठिन हो सकता है। जबलपुर में अपना पहला पीडब्लू विद्यापीठ केंद्र खोलकर, हमारा लक्ष्य टेक-इनेबल्ड गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को उनके घरों के करीब लाना है और देशभर में और अधिक शैक्षिक हब-स्पॉट विकसित करना है।


इसके अलावा क्कङ्घस्ञ्ज के लिए रजिस्ट्रेशन भी जारी हैं, जिसमें हिस्सा लेकर विद्यार्थी हमारे ऑफ़लाइन पाठ्यक्रमों के लिए ट्यूशन शुल्क माफी प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों माध्यमों में होगी।





# श्री दुर्गा हनुमान मंदिर में मंगल महाआरती का आयोजन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। /श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी चेरीताल जबलपुर के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि पर्व श्रृंखला की शुभ सप्तमीं तिथि पर आज 4 अप्रैल 2025 को रात्रि 7.30 बजे से मंदिर में विराजित माई जगदम्बिका महारानी,प्रभु श्री हनुमन्त लाल जी की 108 दीपों से भव्य मंगल महाआरती की जावेगी। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,राजेश शर्मा,अरविंद गुप्ता,विकास चौहान,नवीन नेमा,प्रशांत गुप्ता,सुनील ताम्रकर,श्याम कोष्ठा,नितिन दुबे,संदीप नेमा,अंकित बहरे,आशीष नेमा,पं.अरविंद तिवारी,अमित गुप्ता,संजय शर्मा,अनिता गुप्ता,कीर्ति चौहान,सुनीता बादल,प्रीति गुप्ता,अनिता शर्मा आदि ने सर्व धर्म प्रेमियो से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है ।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में आज विवेकानंद वार्ड पनागर में एक महिला के आग से जलने की सूचना पर पहुँची पुलिस को सीता गोटिया नाम की महिला अपने घर की रसोई में जली हुयी पड़ी मिली मृतिका सीता गोटिया की बेटी प्राची गोटिया उम्र 18 वर्ष निवासी विवेकानंद वार्ड पनागर ने बताया कि शाम वह घर के कमरे में पढाई कर रही थी, मम्मी सीता गोटिया रसोईघर में खाना बना रही थी, छोटा भाई रोनक दूध लेने डेयरी गया था तथा पापा का बीपी बढ़ने से मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे।



# भारी वाहन ने बाइक सवार दम्पति को कुचला, पत्नी की मौत, पति गंभीर

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में मझौली स्थित इंद्राना रोड पर आज भारी वाहन ने मोटर साइकल सवार दम्पति को टक्कर मारकर कुचल दिया. हादसे में महिला शिखा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई. वहीं पति श्याम सुन्दर के हाथ व पैर में चोटें आई, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद वाहन चालक की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है.



पुलिस के अनुसार ग्राम मुरैठ सिहोरा निवासी श्याम सुन्दर बर्मन अपनी पत्नी शिखा को लेकर मोटर साइकल से निकले. जब वे ग्राम सरौदा इंद्राना रोड से आगे बढ़ रहे थे. इस दौरान पीछे से आए भारी वाहन के चालक ने टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दम्पति मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरे, जिन्हे कुचलते हुए वाहन निकल गया. हादसे में शिखा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई. वहीं श्याम सुन्दर के शरीर गंभीर चोटें आई. दुर्घटना होते देख राह चलते लोग रुक गए, इस बीच कुछ लोगों ने पहचान लिया तो परिजनों को खबर दी. मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को पूछताछ में जानकारी दी. इसके बाद श्यामसुन्दर को मझौली स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया. जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर के अस्पताल रेफर किया गया. पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है.

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर-** थाना संजीवनीनगर में विपिल पाठक उम्र 36 वर्ष निवासी नब्बे क्वाटर संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह छिंदवाड़ा बंसत कालोनी में फायनेंस कम्पनी में प्राईवेट नौकरी करता है दिंनाक 22-3-25 को वह पत्नी के साथ छिंदवाड़ा चला गया था दिनांक 31-3-25 को रात लगभग 9 बजे घर लौटकर आया देखा सामने का दरवाजे में लगा ताला टूटा था अंदर जाकर देखा आलमारी के लाकर में रखे सोने का एक सिक्का, चादी के 7 सिक्के, एक जोड़ी पायल एवं नगदी 10 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है।

# देर रात डीआईजी कार्यालय के पास बमबाजी, एक घायल

### गोरखपुर थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । गोरखपुर थाना क्षेत्र स्थित रामपुर में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश के चलते बदमाशों ने आतंक फैलाने की नीयत से बमबाजी की वारदात को अंजाम दिया। बम के छर्रे लगने से एक युवक घायल हो गया। घायल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी शिवेंद्र नन्हेट उम्र 27 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। मंगलवार की रात अपने साथी अंकित सोनकर के साथ डीआईजी कार्यालय के पास खड़े होकर बात कर रहा था। उसी दौरान रितिक मलिक अपने एक साथी के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते गाली- गलौज करने लगा। विरोध करने पर रितिक ने एक के बाद एक दो देशी बम पटके जिसके छर्रे लगने से वह घायल हो गया। वहीं बम फटने की आवाज से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फटे हुए बम के अवशेष जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# जमीन विवाद में बुजुर्ग महिला से मारपीट कार सवार दंपति ने सड़क पर रोका



जबलपुर- जबलपुर के रांझी इलाके में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्रभात स्कूल के सामने रहने वाली 65 वर्षीय तुलसा साहू के साथ उनके पड़ोसी दंपति ने मारपीट की। घटना दो दिन पहले की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है।

**मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश**

**जबलपुर** -थाना बरगी में रात्रि सतीष यादव उम्र 30 वर्ष निवासी फारेस्ट आफिस के सामने बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर वायडिंग का काम करता है दिंनाक 1-4-25 की शाम लगभग 4-30 बजे वह एवं रूपेश साहू के साथ मिश्रा डेयरी के सामने रोड पर खड़े थे तभी बरगी में नवीन विश्वकर्मा के घर आने जाने वाले जबलपुर निवासी अफसर उर्फ समीर खान अपने 2 साथी आदिल एवं सोनू खान के साथ स्कूटी में आया

### जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने संसद में तथ्यों सहित रखी मांग

# जबलपुर में बने अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम-आशीष दुबे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में जबलपुर में अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने का प्रश्न उठाया और जबलपुर संसदीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति,समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और युवा प्रतिभाओं की महत्ता को भी तथ्यों के साथ उठाते हुए अपनी मांग रखी।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए पहचाना जाता है,लेकिन विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं के अभाव में स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए सांसद श्री दुबे ने जबलपुर के युवाओं की खेल प्रतिभा पर प्रकाश डाला,उन्होंने कहा, हमारे शहर में अपार खेल प्रतिभाएं है,लेकिन एक आधुनिक स्टेडियम न होने के कारण खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण सुविधाएँ नहीं मिल पातीं या उन्हें दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। अब इसे बदलने का समय आ गया है। जबलपुर महाकौशल का केंद्र तो है ही साथ ही विंध्य और बुंदेलखंड से भी सीधे जुड़ा हुआ है, भौगोलिक रूप से जबलपुर अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

श्री दुबे ने जोर देकर कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगा, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को आकर्षित कर जबलपुर की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा, जबलपुर को एक विश्वस्तरीय खेल स्टेडियम मिलना चाहिए,जहाँ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट, फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा सकें। इससे पर्यटन,निवेश और शहर के सम्मान में वृद्धि होगी।

अपनी मांग को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने आंकड़ों का हवाला दिया,सांसद श्री दुबे ने कहा कि स्थानीय प्रशासन और निजी क्षेत्र भी इस परियोजना का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह पहल पूरी तरह से व्यवहारिक और रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगी।

# भगवा झंडा यात्रा का मट्ठा पिलाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर भगवा झंडा यात्रा के संयोजक मानव घनघोरिया के नेतृत्व में भगवा झंडा यात्रा का स्वागत बड़े फुहारा खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान के सामने मट्ठा पिलाकर किया गया एवं पुष्प वर्षा कर हाथों में भगवा झंडा लिए हनुमान जी की सेना का स्वागत किया इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल , नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल आदि उपस्थित थे

### 15 मोबाईल, 2 लैपटाप, एटीएम कार्ड, कुल कीमती लगभग 5 लाख रूपये का जप्त

# आई.पी.एल. क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुये 05 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमती प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि आज दिनांक 3-4-25 की रात्रि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि स्वर्ण सरोवर लाला पान चौक त्रिमूर्ति नगर में कुछ लोग मोबाइल लेपटाप से आईपीएल क्रिकेट मैच में टीम की हार जीत पर सट्टा खिलाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं । सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान लाला पान चौक त्रिमूर्तिनगर पर स्वर्ण सरोवर मल्टी के द्वितीय तल पर पर दबिश दी गई कुछ लोग अपने पास लेपटाप मोबाइल में चसंलंककं के माध्यम से यूजरनेम चसंल04 जिसका पासवर्ड उंदन5985/ व अन्य ऑडियो के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच टीम आरसीबी (रायल चैंलेन्जर बैंगलोर ) विरूद्ध जीटी (गुजराज टाईटन्स ) पर हारजीत का दाव लगाकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित कर अपने अलग अलग एकाउण्ट में रूपये डालते पाये गये जिनसे नाम पता पूछने पर अपने नाम निखिल जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी चेरीताल वार्ड, सचिन फाल्के उम्र 30 वर्ष निवासी गाम जलेब थाना बुलढाणा महाराष्ट्र, मुकेश जायसवाल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम लौर थाना मउगंज जिला रीवा, अविनाश बैजनानी उम्र 20 वर्ष निवासी खेवर लाईन संत कवार राम वार्ड कटनी मुडवारा जिला कटनी, नितिन मोहे उम्र 26 वर्ष निवासी जय मल्हाह चौक जलेब थाना बुलढाणा महाराष्ट्र बताये, जिनके पास रखे मोबाइल, लेपटाप, एटीएम कार्ड रख मिले पूछताछ करने पर सभी ने उपरोक्त माध्यम से आनलाईन क्रिकेट मैचे के हारजीत का सट्टा खिलना सामुहिक रूप से स्वीकार किये आरोपियों के कब्जे से एचपी कम्पनी का 1 लेपटाप, 1 डेल कम्पनी का लेपटाप, विभिन्न कम्पनियों के 15 मोबाइल, एक एटीएम कार्ड, 4 मोबाइल चार्जर एक मोडल्युर बोर्ड, 2 लेपटाप के चार्जर, एडाप्टर जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 112 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- सटोरियों को पकड़ने में उप निरीक्षक किशोर बागरी, सहायक उप निरीक्षक इसरार खान,

## घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करते हुये ठेला संचालक गिरफ्तार

**जबलपुर** - थाना सिविल लाईन में भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस नम्बर 2 के पास एक व्यक्ति घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक इस्तेमाल कर खाने का ठेला लगाये मिला जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम विकास राव उम्र 32 वर्ष निवासी रेल्वे टेगौर कालोनी लवली इन होटल के सामने सिविल बताया,


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**द्वितीय सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRo - 12 Date-03/04/2025 2025_ UAD 414317_1 | संभाग क्रंमाक 06- अंतर्गत पण्डित गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में मछली मार्केट राधे पान सेंटर से लेकर सुजीपुरा मस्जिद तक रोड का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद मद) | तीन माह<br>9.17/- लाख | 2000/-<br>9180/- | 21.04.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,नगर पालिक,निगम जबलपुर**


# नशीले इंजैक्शन के कारोबार मे लिप्त आरोपी गिरफ्तार

### 40 नग नशीले इंजैक्शन, बिक्री के 1 हजार रूपये तथा मोटर सायकिल जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी खमरिया श्रीमति सरोजनी टोप्पो (चौकसे) ने बताया कि दिनांक 2-4-25 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग की स्पलेण्डर मोटर साईकिल में घूम घूम कर नशा करने वालों को नशीले इंजेक्शन विक्रय कर रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहॉ कुछ समय बाद एक स्पलेण्डर मोटर सायकल गाड़ी आती दिखी जिसे रोककर चालक से नाम पता पूछने पर प्रमोद उर्फ अज्जू चंदेलिया उम्र 36 वर्ष निवासी घाना खमरिया बताया, जिसे सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर नीले रंग के पिठ्ठू बैग में 20 नग बुप्रेनोरफिन इंजेक्शन आईपी ब्यूपिन तथा 20 नग फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन आईपी एविल तथा बिक्री के एक हजार रूपये रखे मिले। उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर नशा करने वालों को 200 रूपये में बेचना बताया। आरोपी के कब्जे से नशीलें इंजेक्शन, बिक्री के 1 हजार रूपये तथा मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन पी 2706 जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./59 दिनांक 31.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती छोटी बाई विश्वकर्मा, पति- श्री गणेश प्रसाद विश्वकर्मा** ने मकान नं. 2232 शिव स्टोर पिन. नं. 1000480912 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 288 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 216 2024-2025 दिनांक 28/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती सुमता बाई पटेल, पति- श्री जुगल किशोर पटेल,** भवन क्रमांक 1001/1 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361415 जलकर पिन नं. ......, पर **पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती निर्मला मेहता, पति- श्री एस. एस. मेहता, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2400 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1200 व.फु., निर्मित भूतल 435 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 215 2024-2025 दिनांक 28/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती सीता बाई पटेल, पति- श्री रामराज पटेल,** भवन क्रमांक 1001/1 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361415 जलकर पिन नं. 2423551, पर **पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती निर्मला मेहता, पति- श्री एस. एस. मेहता, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2400 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1200 व.फु., निर्मित भूतल 435 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/06 जबलपुर दिनांक 03.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती नीलिमा जैन, पति- श्री कमलचन्द जैन, 2. श्री कमलचन्द जैन, पिता- श्री शिखरचंद जैन** ने मकान नं. 12/64 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000348301, क्षेत्रफल 750 व.फु., भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/05 जबलपुर दिनांक 03.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रशांत पाण्डेय, पिता- स्व. श्री गोपाल कृष्ण पाण्डेय** ने मकान नं.1001 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000409669, भूतल 400 व.फु., प्रथमतल 260 व.फु., द्वितीय 275 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/04 जबलपुर दिनांक 03.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री नितिन नंदनवार, पिता- श्री रविशंकर कोष्टा** ने मकान नं. दुकान नं.13 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000411197, क्षेत्रफल 363 व.फु., भूतल 363 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/03 जबलपुर दिनांक 03.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती अंजली कोष्टा, पति- श्री कामता प्रसाद कोष्टा, 2. श्री राहुल, श्री रोहित, अभिलाष बांगेर, पिता- श्री कामता प्रसाद कोष्टा** ने मकान नं. प्लाट नं. 19 **वार्ड डॉ. राम मनोहर लोहिया** पिन नं. 1000344116, क्षेत्रफल 750 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/02 जबलपुर दिनांक 03.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती प्रेरणा यादव, पति- स्व. श्री मुकेश यादव, 2. श्री अभिजय, श्री अभिषेक, श्री आकाश यादव, पिता- स्व.श्री मुकेश यादव** ने मकान नं. 528 **वार्ड पं. गोविन्द बल्लभ पंत** पिन नं. 1000704808, क्षेत्रफल 5825 व.फु., भूतल 2058 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, न्यायालय तहसीलदार आदेश कापी एवं खसरा कापी** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/01 जबलपुर दिनांक 03.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती प्रेरणा यादव, पति- स्व. श्री मुकेश यादव, 2. श्री अभिजय, श्री अभिषेक, श्री आकाश यादव, पिता- स्व.श्री मुकेश यादव** ने मकान नं. 528/1 **वार्ड पं. गोविन्द बल्लभ पंत** पिन नं. 1000704808, क्षेत्रफल 2755 व.फु., भूतल 800 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, न्यायालय तहसीलदार आदेश कापी एवं खसरा कापी** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999